

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 147

ग्वालियर, सोमवार, 14 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## खास खबर

### हरीश रावत का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार,कहा- भौकूंगा और काटूंगा भी



देहरादून, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के लिए की गई गंभीर टिप्पणी पर कांग्रेसी मुखर हो गए हैं। हरीश रावत ने रविवार को केंद्रीय मंत्री शाह पर पलटवार किया। हरीश रावत ने कहा कि मैं वहीं हूं, जो शाह ने कहा है। उत्तराखंड के लिए भौकूंगा भी और जरूरत पड़ी तो काटूंगा भी। रावत ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री समेत भाजपा के सभी नेताओं का आभार भी जताया। कहा कि ये सभी लोग कांग्रेस के एक छोटे से कार्यकर्ता पर आए दिन लट्ठ पर लट्ठ बरसा रहे हैं। कहा कि उत्तराखंड के हित के लिए हमेशा बोलूंगा और यदि उत्तराखंड के हितों की लूट मचेगी तो थोड़ा काटूंगा भी। कांग्रेस ने भाजपा नेताओं पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन और सामान्य नैतिक मूल्यों को अपमानित करने का आरोप लगाया। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री संगठन मथुरादत्त जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को उत्तराखंड की जनता और पूर्व सीएम हरीश रावत से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस सोशल मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह व गढ़वाल मंडल प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने भी केंद्रीय गृहमंत्री ने के बोले शब्दों का पर कड़ी निंदा की है और कहा कि एक सभ्य समाज में ऐसे शब्द स्वीकार्य नहीं हो सकते।

### वोटरों का रेड कार्पेट पर फूलों से होगा जोरदार स्वागत, जानिए कौन से पोलिंग बूथों में मिलेगा वीआईपी ट्रीटमेंट




देहरादून, एजेंसी। मतदान के प्रति लोगों में जागरुकता पैदा करने के लिए निर्वाचन आयोग ने इस बार प्रदेश में डेढ़ सौ आदर्श बूथ बनाए हैं, इन आदर्श बूथ पर मतदाताओं का स्वागत रेड कार्पेट पर फूल देने के साथ होगा। विधानसभा चुनाव 2022 के लिए 14 फरवरी को प्रदेशभर में मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने बताया कि राज्य में 150 आदर्श पोलिंग बूथ और 100 सखी पोलिंग बूथ स्थापित किये गये हैं। आदर्श पोलिंग बूथ में मतदाताओं को सभी बुनियादी सुविधाएं दी जाएंगी। पोलिंग बूथ के बाहर डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं, निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन कार्यालय उत्तराखण्ड का लोगो %उत्तराखण्ड चुनाव कौथिग - 2022% भी सजा होगा। यहां बीएलओ मतदाता सूची के साथ निर्धारित स्थान पर उपलब्ध रहेंगे। उत्तरकाशी जिले में 6, चमोली 6, रुद्रप्रयाग 5, टिहरी 10, देहरादून 23, हरिद्वार 24, पौडी गढ़वाल 10, पिथौरागढ़ 8, बागेश्वर 5, अल्मोड़ा 10, चम्पावत 5, नैनीताल 17 और ऊधमसिंह नगर जिले में 21 आदर्श पोलिंग बूथ स्थापित किये गये हैं। पूरी कोशिश होगी कि वोटर्स का स्वागत पुष्प गुच्छ या एक-एक फूल देकर किया जाए, सभी जगह रेड कार्पेट की व्यवस्था भी होगी। इसके अलावा जेंडर समानता और महिलाओं की निर्वाचन में भागीदारी निर्धारित करवाने के उद्देश्य से 100 सखी बूथ भी बनाए गए हैं। इन केन्द्रों में चुनाव के दौरान समस्त मतदान स्टाफ के साथ ही पुलिस और सुरक्षाकर्मी भी महिला ही तैनात किये गये हैं।

### तीसरी लहर में पहली बार 70 से कम मिले संक्रमित मरीज, छह हजार से अधिक लोगों की हुई जांच

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले में कोरोना की तीसरी लहर अब धीमे पड़ने लगी है। तीसरी लहर में पहली बार 70 से कम मरीज मिले। मरीजों की संख्या लगातार घट रही है जो राहत की खबर है। शनिवार को कुल छह हजार 158 लोगों की जांच हुई। इसमें 64 संक्रमित मिले। जिले में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 69 हजार 425 हो गई है। वहीं, शनिवार को एक भी मरीज की मौत नहीं हुई। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी मरीजों की संख्या तेजी से कम हुई है। विभिन्न प्रखंडों में पांच से भी कम एक्टिव केस रह गए हैं। वहीं, जिले के अधिकांश कोविड अस्पताल भी खाली हो चुका है। कांतिलाल अस्पताल व परसुडीह स्थित सदर अस्पताल भी खाली हो चुका है। वहीं, टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) व महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कालेज अस्पताल में लगभग दो दर्जन मरीज भर्ती हैं। बाकी लगभग 300 मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। फिलहाल किसी मरीज की स्थिति गंभीर नहीं है।

# देश को मिल सकती है एक और वैक्सीन

## बायोलाजिकल-ई ने बच्चों के लिए कोर्बेवैक्स के आपात इस्तेमाल की मंजूरी मांगी

**बायोलाजिकल-ई ने दवा नियामक से कोविड-19 वैक्सीन 'कोर्बेवैक्स' के आपात इस्तेमाल की मंजूरी मांगी है।**

**देश को एक और वैक्सीन मिल सकती हैं।**

**बायोलाजिकल-ई ने देश के दवा नियामक से 12 से 18 साल की उम्र के बच्चों के लिए अपनी कोविड-19 वैक्सीन कोर्बेवैक्स के आपात इस्तेमाल की मंजूरी मांगी है।**




नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में वैक्सीन को एक कारगर हथियार माना जा रहा है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में देश को कुछ और नई वैक्सीन इस लड़ाई में हथियार के तौर पर मिल सकती हैं। समाचार एजेंसी पीटीआइ ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया है कि बायोलाजिकल-ई ने देश के दवा नियामक से 12 से 18 साल की उम्र के बच्चों के लिए अपनी कोविड-19 वैक्सीन 'कोर्बेवैक्स' के आपात इस्तेमाल की मंजूरी मांगी है।

मालूम हो कि पिछले साल 28 दिसंबर को देश के औषधि नियामक ने वयस्कों में कोर्बेवैक्स के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। कोरोना के खिलाफ कोर्बेवैक्स स्वदेशी वैक्सीन है। यह देश की पहली आरबीडी प्रोटीन आधारित सब-यूनिट वैक्सीन है। DCGI की ओर से पिछले साल सितंबर में 15 से 18 साल के बच्चों और किशोरों पर कोर्बेवैक्स के दूसरे और तीसरे चरण के क्लनिकल ट्रायल की मंजूरी प्रदान की गई थी।

एनसीबी के पूर्व मुंबई जोनल निदेशक समीर वानखेड़े विभागीय सतर्कता पैनल के सामने पेश हुए।

बायोलाजिकल-ई ने 15 से 18 साल के बच्चों और किशोरों पर कोर्बेवैक्स के क्लनिकल ट्रायल के लिए डीजीसीआई के समक्ष नौ फरवरी को आवेदन दिया था। दवा निर्माता बायोलाजिकल-ई ने डीजीसीआई की ओर से जारी किए गए अनुमति पत्र के आधार पर पिछले साल अक्टूबर महीने में क्लीनिकल ट्रायल शुरू किया। कंपनी की ओर से इस ट्रायल के दौरान टीके की सुरक्षा और प्रतिरोधक क्षमता के परिणामों का आकलन किया गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी की ओर से किए गए आकलन में 15 से 18 साल के बच्चों और किशोरों पर कोर्बेवैक्स सुरक्षित और प्रभावी पाई गई है। औषधि नियामक के समक्ष बायोलाजिकल-ई की ओर से दिया गया प्रस्तावित आवेदन उक्त क्लीनिकल परीक्षणों के नतीजों पर आधारित है। कोर्बेवैक्स दो खुराक वाला टीका है जो मांसपेशियों में लगाया जाता है। इसकी दोनों खुराक 28 दिनों के अंतर पर लगाई जाती हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ईमानदार टैक्सपेयर्स को हम दे रहे हैं रियायतें और राहत



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दैनिक जागरण से खास बातचीत के दौरान ईमानदार टैक्सपेयर को लेकर विस्तार से बात की। उनसे सवाल किया गया कि आप ईमानदार टैक्सपेयर की हमेशा तारीफ करते हैं, लेकिन उन्हें ईमानदार होने का कोई वित्तीय लाभ या पुरस्कार नहीं दिया गया, इस बार के बजट में भी उनके लिए अलग से कोई घोषणा नहीं की गई। इसका उन्होंने उदाहरण के साथ विस्तार से जवाब दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले साढ़े सात वर्षों में हमने लगातार इस तरह के कदम उठाए हैं जो साल दर साल ईमानदार टैक्सपेयर्स को छोटी-बड़ी सभी तरह की रियायतें और राहत दे रहे हैं। इसलिए यह कहना कि टैक्सपेयर को हमारी सरकार कोई लाभ नहीं पहुंचा रही है, यह बात ठीक नहीं है।

**लोगों को टैक्स में बचत के अवसर दिए**

उन्होंने कहा, ÷हमारी सरकार ने पिछले सात-आठ साल में ऐसे बहुत सारे कार्य किए हैं, जो ईमानदार टैक्सपेयर को प्रेरित करते हैं, प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें सम्मानित भी करते हैं। हम भारत में पहली बार एक टैक्सपेयर चार्टर लाए हैं, जिसके अंतर्गत ईमानदार टैक्सपेयर की बात हुई, उसके अधिकारों की बात हुई। जहां तक वित्तीय लाभ की बात है तो आप देखिए कि 2014 में जिस टैक्सपेयर की आय पांच लाख रुपये थी, उसको 13,000 रुपये का टैक्स देना पड़ता था। यह राशि अब शून्य हो गई है। 15 लाख की आय वाला व्यक्ति जो 2014 में करीब-करीब एक लाख 90 हजार रुपये टैक्स देता था, आज एक लाख 24 हजार रुपये टैक्स देता है यानी 66 हजार की बचत। और यह तो सिर्फ आयकर की बात है।

**लोगों के लिए लोन सस्ते किए**


पीएम मोदी ने कहा, अगर आप और क्षेत्रों की भी बात करें, जैसे कि ऋण लेने की बात हो तो जो ईमानदार टैक्सपेयर गाड़ी, घर या बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए ऋण लेता था, उसको भी सहूलियत मिली है। उच्च शिक्षा का ऋण जो 14.75 प्रतिशत ब्याज दर पर मिलता था, आज 8.65 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जा रहा है।

## बिहार की बेटी ने किया कमाल, संप्रीति यादव को गूगल ने दी 1 करोड़ की नौकरी



पटना, एजेंसी। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती... इस कहावत को एक बार फिर से बिहार की बेटी संप्रीति यादव ने चरितार्थ कर दिखाया है। 24 साल की संप्रीति को गूगल की ओर से 1.10 करोड़ रुपये के सालाना पैकेज का ऑफर मिला है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। हालांकि एक समय वह भी था जब संप्रीति ने लगातार एक के बाद एक कई इंटरव्यू में फेल हो गई थी और उनके पास कोई नौकरी नहीं थी। संप्रीति ने कभी हार नहीं मानी और आज उनके पास एक दो नहीं बल्कि चार चार कंपनियों का ऑफर है। संप्रीति की इस सफलता से आज उनके घर में खुशी और जश्न का माहौल है। संप्रीति यादव ने दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री हासिल की है। संप्रीति के लिए गूगल की नौकरी हासिल करना आसान नहीं था। इसके लिए उन्होंने 9 राउंड की परीक्षा पास की है।

## फिर बिगड़ेगा मौसम, सक्रिय हो रहा पश्चिमी विक्षोभ, देश के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी के आसार



नई दिल्ली, एजेंसियां। देश में एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे मौसम बदलने से देश के कई हिस्सों एकबार फिर बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में बुधवार को बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। यही नहीं अगले हफ्ते भी देश के कई इलाकों में बारिश की उम्मीद है। जानें आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम का मिजाज...

मौसम विभाग की मानें तो एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण 17 से 20 फरवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश/बर्फबारी की संभावना है। यही नहीं उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में छिटपुट हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। हालांकि इस पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर रहने की उम्मीद है।

मौसम विभाग का कहना है कि 13 से 16 फरवरी के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी की संभावना है। इतना ही नहीं 15 से 16 फरवरी को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी बारिश या बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया गया है।

जहां तक अगले 24 घंटों के दौरान मौसम का सवाल है तो दक्षिण तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराइकल और दक्षिण केरल के मुख्तलिफ इलाकों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि नया पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों पर अपना ज्यादा असर दिखाएगा। इसकी वजह से उत्तर पश्चिम से आ रही बर्फीली हवाओं में कमी आएगी।

वहीं मौसम का पूर्वानुमान जारी करने वाली निजी एजेंसी स्काइमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के आज यानी रविवार रात तक पश्चिमी हिमालय तक पहुंचने की संभावना है।

## देश में लगातार घट रहे कोरोना के मामले, बीते 24 घंटों के दौरान सामने आए 44,877 नए केस



नई दिल्ली एजेंसी। भारत में कोरोना महामारी की तीसरी लहर में लगातार गिरावट का दौर जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान देश में 44,877 नए मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालस के ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में सक्रिय मामले की संख्या 5,37,045 दर्ज की गई है जबकि दैनिक सकारात्मकता दर 3.17 फीसद है। जानकार इस बात की संभावना भी जता रहे हैं कि देश में जल्द ही कोरोना महामारी खत्म हो जाएगी। हालांकि डब्ल्यूएचओ का कहना है कि विश्व में जल्द ही कोरोना महामारी के खत्म होने की उम्मीद नहीं है।

संगठन ने इस बात की आशंका भी जताई है कि आने वाले समय में इसके नए वैरिएंट भी सामने आ सकते हैं। हालांकि ये इस बात पर निर्भर करेगा कि लोग कितनी सावधानी बरत रहे हैं। कुछ देशों में कोरोना के बढ़ते मामले लगातार चिंता का सबब बने हुए हैं। वहीं अधिकतर देशों में इसमें अब गिरावट देखी जा रही है। इस बीच विश्व में कई देशों में कोरोना रोधी टीके की खुराक भी तेजी से दी जा रही है। भारत की ही यदि बात करें तो देश में अब तक 160 करोड़ से अधिक कोरोना रोधी टीके की खुराक दी जा चुकी है। भारत में अब 15-18 वर्ष के आयुवर्ग को भी टीका लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस आयुवर्ग के अधिक छात्र-छात्राओं को अब तक वैक्सीन लगा दी गई है। जल्द ही इसमें भारत शत-प्रतिशत हा लक्ष्य भी हासिल कर लेगा। वहीं बूस्टर डोज के साथ 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों का जीवन भी बचाने में देश में सफलता हासिल हुई है।

भारत में अब धीरे-धीरे सभी राज्यों ने अपने यहां पर लगे प्रतिबंधों को हटा लिया है।

## गाजियाबाद तक पहुंचा हिजाब विवाद, मुस्लिम महिलाओं ने खोड़ा में किया प्रदर्शन



गाजियाबाद, एजेंसी। कर्नाटक से शुरू हुए हिजाब प्रकरण अब उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद तक पहुंच गया है। रविवार को गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में कुछ युवतियों ने हिजाब के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से इन महिलाओं की नोंकझोंक भी हुई। हालांकि, पुलिस ने चेतावनी देते हुए और हल्का बल प्रयोग कर उन्हें मौके से हटा दिया। पुलिस का कहना है कि कोविड काल को देखते हुए प्रदर्शन की अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज करेगी।

खोड़ा के नवनीत विहार में रविवार दोपहर कुछ मुस्लिम महिलाएं हाथों में 'आई वांट हिजाब' लिखे पोस्टर लेकर सड़क पर उतरीं। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से धारा-144 लगे होने की वजह से प्रदर्शन की अनुमति दिखाने को कहा, लेकिन महिलाओं ने प्रदर्शन की अनुमति दिखाने से मना कर दिया।

इसके बाद पुलिस ने उन युतवियों को प्रदर्शन तत्काल समाप्त करने के लिए कहा तो वह जिद पर अड़ी रहीं। इस दौरान पुलिस से उनकी काफी देर तक बहस होती रही। इसके बाद पुलिस की प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ नोंकझोंक व धक्का-मुक्का हो गई। पुलिस का कहना है कि दोपहर करीब ढाई बजे 15-20 मुस्लिम महिलाएं और युवतियों ने %आई वांट हिजाब% लिखे पोस्टर लेकर शनि बाजार रोड नवनीत विहार में प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इस दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए उनके पोस्टर अपने कब्जे में लेने शुरू किए। बाद में प्रदर्शन करने वाली महिलाएं वहां से चली गईं। धक्का-मुक्की में खोड़ा थाना प्रभारी की वर्दी भी फटने की जानकारी मिली है, लेकिन थाना प्रभारी का कहना है कि वर्दी जाली में फंसकर फट गई थी।

## अमृतसर में बोले गृह मंत्री अमित शाह- नवजोत सिद्धू की विकेट गिर जाएगी, पंजाब होगा नशा मुक्त



जासं, अमृतसर, एजेंसी। लुधियाना और पटियाला में भाजपा की जनसभा को संबोधित करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार दोपहर बाद अमृतसर पहुंचे। यहां रंजीत एवेन्यू में बड़ी संख्या में भाजपा वर्करों और जिले की 11 विधानसभा हलकों के भाजपा प्रत्याशियों की मौजूदगी में उन्होंने ने पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव में सिद्धू की विकेट गिर जाएगी। अमृतसर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी डा. जगमोहन सिंह राजू की जीत के साथ ही नशा मुक्त पंजाब का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। शाह ने अरविंद केजरीवाल पर भी कटाक्ष किया। गृहमंत्री ने कहा कि अकाली दल, कांग्रेस और आप अच्छे शासन की बात कर रहे हैं। पंजाब ने सबका हाल देखा है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने स्कूलों के बाहर ठेके खुलवा दिए। केजरीवाल जवाब दें, दो बार सरकार बनने पर भी एक भी पंजाबी को मंत्री क्यों नहीं बनाया।

उन्होंने कहा कि पंजाब में भाजपा पहली बार सरकार बनाए के लिए चुनाव लड़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी पंजाब का भला चाहते हैं। वह सुरक्षित और नशा मुक्त पंजाब चाहते हैं। इसलिए पंजाब में ऐसी सरकार चाहिए जो कंधे से कंधा मिलाकर चल सके। पंजाब को एनडीए सरकार ही सुरक्षित कर सकती है। हमारे घोषणा पत्र में भी यही है। भाजपा ने 11 सूत्रों पर नया पंजाब बनाने का संकल्प लिया है। केंद्र की एनडीए सरकार ने पंजाबियों की सेवा का काम किया है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने सबसे पहले संबोधित करते हुए कहा कि 1984 में दरबार साहिब पर हमला हुआ और दिल्ली में कत्लेआम हुआ। तब कांग्रेस की सरकार थी। 1984 के कत्लेआम के पीड़ितों को पीएम मोदी ने इंसाफ दियाया। उन्होंने ही काली सूची समाप्त की। लंगर पर टैक्स खत्म किया। श्री करतारपुर साहिब कोरिडोर खुलवाया।

पुरी ने कहा कि विकास के मामले में आज पंजाब 14 वे पायदान पर है क्योंकि इंडस्ट्री राज्य से पलायन कर गई।पंजाब में नशा, माफिया रेत माफिया बड़ी समस्या है। दिल्ली माडल की बात करने वालों मोहल्ला क्लीनिक कोरोनाकाल में बद हो गए। दूसरी ओर भाजपा ने वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में जो संकल्प लिए वो पूरे किए। पंजाब के लिए ये सुनेहरा मौका। भाजपा ने पंजाब को लेकर जो संकल्प लिया वो पूरा होगा।

**आईपीएल टीम :** 10 टीमों के बीच हो रही नीलामी में 500 से ज्यादा खिलाड़ी शामिल

# इशान 15.25 करोड़ और चाहर 14 करोड़ में सबसे महंगे बिके

**बेंगलुरु** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में पहले दिन युवा विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन सबसे महंगे बिके। उन्हें 15.25 करोड़ रुपये मिले। वहीं गेंदबाज के तौर पर दीपक चाहर को सबसे महंगे 14 करोड़ रुपए मिले। यह नीलामी 15 सत्र के लिए 10 टीमों के बीच हो रही है। इसमें 500 से ज्यादा खिलाड़ी शामिल हैं जिसमें विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं।

मुंबई इंडियंस : इशान किशन 15.25 करोड़, डिवॉल्ड ब्रेविस 3 करोड़, बेसिल थंपी 30 लाख, मुरुगन अश्विन 1.60 करोड़,

चेन्नई सुपरकिंग्स : रॉबिन उथप्पा 2 करोड़, ड्वेन ब्रावो 4.40 करोड़, अंबाती रायुडू 6.75 करोड़, दीपक चाहर 14 करोड़, केएम असिफ 30 लाख, तुषार देशपांडे 20 लाख।




रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डुप्लेसिस 7 करोड़, हर्षल पटेल 10.75 करोड़, वानिंदु हसरंगा 10.75 करोड़, दिनेश कार्तिक 5.5 करोड़, जोश हेजलवुड 7.75 करोड़, शाहबाज अहमद 2.4 करोड़, अनुज रावत 3.40 करोड़, आकाश दीप 20 लाख,

कोलकाता नाइट राइडर्स : पैट कमिंस 7.25 करोड़, श्रेयस अय्यर 12.25 करोड़, नितिश राणा 8 करोड़, शिवम मावी 7.25 करोड़, शेल्डन जैक्सन 60 लाख।

दिल्ली कैपिटल्स : डेविड वार्नर 6.25 करोड़, मिचेल मार्श 6.50 करोड़, शार्दुल ठाकुर 10.75 करोड़, मुस्ताफिजुर रहमान 2 करोड़, कुलदीप यादव 2 करोड़, अश्विन हेबर 20 लाख, सरफराज खान 20 लाख, कमलेश नागरकोटि 1.10 करोड़, केएस भरत 2.00 करोड़।

पंजाब किंग्स : शिखर धवन 8.25 करोड़, रबाडा 9.25 करोड़, राहुल चाहर 5.25 करोड़, शाहरुख खान 9 करोड़, हरप्रीत बराड़ 3.8 करोड़, प्रभसिमरण सिंह 60 लाख, जितेश शर्मा 20 लाख, ईशान पोरेल 25 लाख।


## शुरुआत में मुंबई इंडियंस और हैदराबाद बोली में रह गयीं पीछे ,लंच तक नहीं खरीद पायीं कोई खिलाड़ी


**बेंगलुरु ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए हुई नीलामी में मुंबई इंडियंस ओर सनराइजर्स हैदराबाद शुरुआती बोली में पीछे रह गयीं और लंच तक एक भी खिलाड़ी को नहीं खरीद पायीं। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद भी अब तक किसी खिलाड़ी को अपने साथ नहीं जोड़ सकी है। इनके खिलाड़ी दूसरी टीमों में चले गये हैं। मुंबई इंडियंस ने नीलामी से पहले ही कप्तान रोहित शर्मा के अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, कायरन पोलार्ड और सूर्यकुमार यादव को रिटेन किया था। मुंबई के पास 48 करोड़ रुपए का पर्स बचा हुआ है। वहीं हैदराबाद की बात करें तो उसने कप्तान केन विलियमसन के अलावा अब्दुल समद और उमरान मलिक को जोड़ा है। टीम के पास 68 करोड़ रुपए का पर्स बाकी है।

## कैब ने टी20 सीरीज में दर्शकों को प्रवेश देने मांग की

**कोलकाता** । क्रिकेट एसोसिएशन बंगाल (कैब) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा है कि जिस प्रकार कोरोना संक्रमण मामले कम हुए हैं उसको देखते हुए टी20 सीरीज में सीमित तादाद में दर्शकों को प्रवेश की इजाजत दी जाये। भारत और वेस्टइंडीज के बीच अगले सप्ताह से यहां के ईडन गार्डन मैदान में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज के मुकाबले 16, 18 और 20 फरवरी को होंगे। इस मामले में अब उसके बीसीसीआई के जवाब का इंतजार है। वहीं इससे पहले बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली ने कहा था कि सीरीज के दौरान दर्शकों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं कैब के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने कहा था कि दर्शकों को प्रवेश दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के मामले घट रहे हैं। सरकार ने भी कई खेल संस्थान खेल दिया हैं और दर्शकों को भी प्रवेश दिया जा रहा है।

## रिजवान और राशिद काउंटी टीम ससेक्स से खेलेंगे





**लंदन ।** इंग्लैंड की काउंटी टीम ससेक्स ने पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान के साथ साल 2022 सत्र के लिए करार किया है। रिजवान का यह क्लब के साथ पहला अनुबंध है, वहीं राशिद से क्लब ने चौथी बार करार किया है। राशिद से पहली बार 2018 में करार किया गया था। रिजवान अगले साल अप्रैल की शुरुआत से उपलब्ध होंगे और काउंटी चैंपियनशिप और टी-20 ब्लास्ट में हिस्सा लेंगे, जबकि राशिद टी-20 ब्लास्ट में ही नजर आएंगे। इस प्रकार रिजवान और ट्रैविस हेड के साथ राशिद 2022 सत्र के लिए क्लब के तीसरे विदेशी खिलाड़ी होंगे, हालांकि इनमें से केवल दो खिलाड़ी ही अंतिम ग्यारह में शामिल होंगे। ससेक्स के टी-20 कोच जेम्स कीर्तिले ने एक बयान में कहा कि राशिद टी-20 क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ हैं और हम उन्हें टीम में शामिल कर उत्साहित हैं। 6.36 की इकॉनमी से 292 मैचों में 403 विकेटों के साथ टी-20 क्रिकेट में चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज राशिद ने पुनर्निर्धारित पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण टी-20 ब्लास्ट के पिछले सत्र में केवल तीन मैच खेले थे। राशिद ने क्लब के साथ पुन- अनुबंध करने पर कहा कि मैंने हमेशा ससेक्स में अपने समय का आनंद लिया है और टी-20 ब्लास्ट खिताब को ससेक्स के शहर होव में वापस लाने में मदद करने के लिए पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्पित हूं। रिजवान ने क्लब के साथ जुड़ने पर कहा कि मैं 2022 सीजन के लिए ऐतिहासिक ससेक्स काउंटी क्रिकेट क्लब का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित महसूस कर रहा हूं। मैंने हमेशा ससेक्स समुदाय के बारे में बहुत अच्छी बातें सुनी हैं और यह पारिवारिक क्लब हमेशा मेरे दिल के करीब था।







# निया शर्मा की हॉट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर ढाया कहर



टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। हाल ही में निया शर्मा ने अपनी हॉट कुछ तस्वीरें फैंस के साथ साझा की हैं, जो सोशल मीडिया वायरल हो रही हैं। निया की इन हॉट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर कहर बरपा दिया हैं। तस्वीरों में निया का ग्लैमरस अंदाज हर किसी को आकर्षित कर रहा है। ब्लैक कलर की ऑउटफिट में निया की इन तस्वीरों पर उनके फैंस के साथ-साथ मनोरंजन जगत की हस्तियां भी जमकर प्रतिक्रिया दे रही हैं। परफेक्ट फिगर की धनी निया शर्मा अक्सर अपनी बोल्ड अदाओं और तस्वीरों की वजह से फैंस के बीच चर्चा में रहती हैं। हालांकि हाल ही में निया को अपनी बोल्डनेस की वजह से ट्रोलर्स का सामना भी करना पड़ा था। अपने लुक्स की वजह से चर्चा में रहने वाली निया शर्मा ने साल 2010 में स्टार प्लस के धारावाहिक काली- एक अग्निपरीक्षा से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह टेलीविजन की कई धारावाहिकों में मुख्य भूमिका में नजर आई और अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों को जीता। निया की कुछ प्रमुख धारावाहिकों में एक हजारों में मेरी बहना है , इस प्यार को क्या नाम दू, ये रिश्ता क्या कहलाता है, जमाई राजा, नागिन 3 , नागिन 5 आदि शामिल हैं। निया ने पिछले साल ही में कलर्स टीवी के रियलिटी शो फेयर फैक्टर-खतरों के खिलाड़ी-मेड इन इंडिया का खिताब भी जीता है। हाल ही में जी 5 पर निया की वेब सीरीज जमाई राजा 2.0 सीजन 2 रिलीज हुई है। इस सीरीज में रवि दूबे के साथ निया की जबरदस्त कमेस्ट्री दिखाई गई हैं। निया सोशल मीडिया के जरिये फैंस से जुड़ी रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें व वीडियो फैंस के साथ साझा भी करती रहती हैं। सोशल मीडिया पर निया की फैन फ्लोइंग की लिस्ट काफी लम्बी हैं।

## त्रिधा चौधरी पर होली से पहले ही छाई खुमारी

एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई वेबसीरीज 'आश्रम' से टीवी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी रातों रात सुर्खियों में आ गई. लोग एक झलक देखने के लिए बैचेन हो उठे. कुछ ने तो उन्हें बबीता नाम से ही बुलाना शुरू कर दिया.




हाल ही में त्रिधा ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वो व्हाइट कलर की ड्रेस में नज़र आ रही हैं. उनकी ड्रेस पर गुलाल लगा हुआ है. त्रिधा को देखकर लगता है कि वो किसी गाने की शूटिंग कर रही हैं. एक्ट्रेस की इस तस्वीर पर फैंस लगातार कमेंट कर रहे हैं. त्रिधा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं. बता दें कि त्रिधा ने अपने करियर की शुरुआत 2013 में बंगाली फिल्म मिशौर रोहोस्यो से की थी. साल 2016 में उन्होंने अपना टेलीविज़न डेब्यू स्टार प्लस चैनल के शो दहलीज़ से किया. यही नहीं आने वाले समय में वह रणबीर कपूर की फिल्म 'शमशेरा' में भी नज़र आने वाली हैं.

## सिनेमाघरों में नहीं, ओटीटी प्लेटफार्म पर होगा फरहान अख्तर की तूफान का वर्ल्ड प्रीमियर

फरहान अख्तर की आगामी फिल्म तूफान लम्बे समय से चर्चा में हैं। यह एक स्पोर्ट-ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में फरहान के साथ परेश रावल और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में फरहान मुक्केबाज



का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म के नए पोस्टर के साथ ही इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है, लेकिन यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगी। इसी साल 21 मई को इस फिल्म का अमेज़न प्राइम वीडियो पर वर्ल्ड प्रीमियर होगा। इसकी जानकारी खुद फरहान अख्तर ने फिल्म के नए पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दी। इसके साथ ही फरहान ने फिल्म के टीजर और फिल्म के रिलीज की तारीख की भी घोषणा की हैं। फरहान ने ट्विटर पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा-तूफ़ान उठेगा। 12 मार्च को प्राइम वीडियो पर टीज़र आने वाला है। फिल्म के इस नए पोस्टर को दो भाषाओं हिंदी और अंग्रेजी में जारी किया गया है। फिल्म के पोस्टर में फरहान बॉक्सिंग रिंग के अंदर है और वह बॉक्सिंग रिंग में नीचे सिर किए उठने की कोशिश कर रहे हैं।

# जूनियर एनटीआर के साथ उनकी फिल्म में रोमांस करती नजर आएंगी पूजा हेगड़े



*साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर कलाकार जूनियर एनटीआर जल्द ही कई शानदार फिल्मों से बॉक्स आफिस पर धमाका करने वाले है। इस लिस्ट में उनकी फिल्म आरआरआर है। जिसका निर्देशन एस एस राजामौली कर रहे है। जिसमे जूनियर एनटीआर के अलावा राम चरण, अजय देवगन, आलिया भट्ट जैसे कलाकार भी अहम रोल में नजर आने वाले है। फिल्म की शूटिंग पिछले काफी समय से चल रही है। अब आरआरआर फिल्म की शूटिंग आखिरी स्टेज पर है। कुछ समय पहले राजामौली ने इस बात की जानकारी दी थी कि वो फिल्म के क्लाइमैक्स की शूटिंग कर रहे है।*

जूनियर एनटीआर इस फिल्म से फ्री होने के बाद अपनी अगली फिल्म की तैयारी शुरू करेंगे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जूनियर एनटीआर आरआरआर के बाद डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास की अगली फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म की तैयारी इन दिनों मेकर्स और डायरेक्टर कर रहे है। जैसे ही जूनियर एनटीआर ट्रिपल आर का काम खत्म होगा वो अपनी इस फिल्म की तेयारी शुरू कर देंगे। फिल्म में जूनियर एनटीआर के अपोजिट फिल्म में कौन सी अभिनेत्री नजर आएंगी। इसको लेकर कई तरह की खबरें सामने आ रही है। फिल्म की टीम इस पर विचार कर रही है कि जूनियर एनटीआर के साथ किस अभिनेत्री को कास्ट किया जाएगा। हर किसी की निगाहें इसी पर टिकी हुई है। वहीं अब आई ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में अभिनेत्री किआरा आडवाणी को मेकर्स साइन करना चाहते थे। क्योंकि किआरा आडवाणी की पिछली रिलीज फिल्म भारत अने नेनु और कबीर सिंह की सफलता के बाद किआरा सिर्फ नार्थ ही नहीं बल्कि साइथ इंडिया में भी चर्चित हो चुकी है। लेकिन किआरा इस फिल्म से नहीं जुड़ पाएंगी। क्योंकि इस वक्त उनके पास एक दो नहीं कई फिल्मों के आफर्स है। ऐसे में मेकर्स ने अभिनेत्री पूजा हेगड़े को फिल्म का हिस्सा बनाने की सोची है। पूजा हेगड़े आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली है। जिसमे उनकी राधे श्याम और जयेशभाई जोरदार जैसी शामिल है।

# नेल पॉलिश रिमूवर के बिना भी हट सकता हैं नेल पेंट, इस्तेमाल करें ये चीजें

बहुत बुरा लगता है जब आपको कहीं जाना हो और आप जिस चीज को ढूंढ़ रही हों, वह न मिले। खासतौर पर आपको किसी शादी, पार्टी में शामिल होने के लिए तैयार होना हो और ऐसे में जब आप पहले की लगी हुई आधी-अधूरी नेल पॉलिश को हटाना चाहती हैं। तब आप नेल पॉलिश रिमूवर ढूंढ़ती हैं। मगर उसे या तो आप कहीं रख कर भूल गई होती हैं या वह खत्म हो गया होता है। ऐसे में मूड खराब होना लाजिमी है, क्योंकि तब समस्या यह आती है कि नेल पॉलिश को बिना नेल पॉलिश रिमूवर के कैसे हटाया जाए। इस स्थिति में आप घर में मौजूद कुछ अन्य चीजों का इस्तेमाल करके भी अपने नाखूनों से कलर हटा सकती हैं...

- आप डॉक्टर्स स्पिरिट को भी रिमूवर की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। यह एंटी-बैक्टीरियल होता है ऐसे में अगर नाखून में इन्फेक्शन है तो उसके लिए भी ये बेहद कारगर है। बस कॉटन में थोड़ा सा स्पिरिट लगाकर इससे नाखून को रब करें और नेल पेंट छूट जाएगा।
- अपने नाखूनों से नेल पॉलिश छुड़ाने के लिए आप गरम पानी का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इसके लिए किसी बर्तन में गरम पानी लेकर उसमें अपने हाथ कुछ देर डुबा कर रखें। फिर कॉटन या सूती कपड़े को नाखूनों पर रगड़ें इससे नेल पॉलिश का रंग उतर जाएगा।
- बचपन में नेल पॉलिश के ऊपर नेल पॉलिश लगाया करते थे, यह तब खेल होता था। मगर आप अब इसका इस्तेमाल अपने नाखूनों के कलर को साफ करने में कर सकती हैं। यह नेल पॉलिश रिमूवर का काम करेगी। बस



अपने नाखूनों पर लगी पुरानी नेल पॉलिश पर कई बार नेल कलर लगाएं। इससे आपकी पुरानी नेल पॉलिश का कलर आसानी से उतर जाएगा।

- आप अल्कोहल की मदद से भी अपने नाखूनों का नेल कलर हटा सकती हैं। इसके लिए ज्यादा कुछ नहीं करना होता, बस एक कॉटन बॉल पर अल्कोहल लगाएं और फिर इससे अपने नाखूनों को रगड़ें। इससे नेल पॉलिश धीरे धीरे उतर जाएगी और आपके नाखून साफ हो जाएंगे।
- अक्सर घरों में सिरका रखा होता ही है। इसके जरिये भी आप अपने नाखूनों से नेल पॉलिश का रंग हटा सकती हैं। इसके लिए सिरके को रूई से अपने नाखूनों पर रगड़ें। इससे नेल पॉलिश साफ हो जाएगी।
- नीबू की मदद से भी आप अपने नाखूनों से नेल कलर छुड़ा सकती हैं। इसके लिए ज्यादा कुछ नहीं करना होगा। बस अपनी उंगलियों को कुछ देर के लिए गरम पानी में डुबा कर रखें। इसके बाद अपने नाखूनों पर नीबू को रगड़ें। इससे भी नेल पॉलिश आसानी से उतर जाएगी।
- अपने नाखूनों के नेल कलर को हटाने के लिए आप अपने घर में रखे टूथपेस्ट का इस्तेमाल भी नेल पॉलिश रिमूवर के तौर पर कर सकती हैं। इसके लिए थोड़ा सा टूथपेस्ट अपने नाखूनों पर लगाएं। फिर सूती कपड़े या कॉटन से इसे रगड़ कर साफ कर दें। आपके नाखून साफ हो जाएंगे।

# जल्द ही रोबोट डायरेक्टर के साथ काम कर सकते हैं रणवीर सिंह



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रणवीर सिंह आने वाले दिनों में एक नहीं कई फिल्मों में नजर आने वाले है। जिसमे उनकी जयेशभाई जोरदार और सर्कस जैसी शामिल है। जिसकी शूटिंग अभिनेता रणवीर सिंह पिछले काफी समय से कर रहे थे। अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों अपने पसंदीदा डायरेक्टर रोहित शेट्टी की अगली फिल्म सर्कस की शूटिंग कर रहे है। जिसका ऐलान काफी समय पहले ही कर दिया गया था। अब इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। वो ये है कि रणवीर सिंह जल्द ही साउथ के मशहूर डायरेक्टर के साथ हाथ मिलाने वाले हैं। इस वक्त की आई ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि अभिनेता रणवीर सिंह रजनीकांत की फिल्म रोबोट के निर्देशक शंकर के साथ अगली फिल्म में धमाका करने की फिराक में है। खबर के अनुसार ऐसा कहा जा रह है कि हाल ही मं रणवीर सिंह ने अपनी फिल्म सर्कस की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म की शूटिंग कंप्लीट करने के बाद रणवीर ने खुद डायरेक्टर शंकर से मुलाकात की थी। बता दें कि कुछ समय पहले रणवीर सिंह ने उनके निर्देशन में काम करने की इच्छा जताई थी। इस मुलाकात के बाद ये कहा जा रहा है कि अभिनेता जल्द ही उनके निर्देशन में बनने वाली अगली फिल्म में काम कर सकते है। रणवीर सिंह और शंकर की मुलाकात और बातचीत शुरुआती स्तर पर है। मगर ये इशारा देता है कि इस साइकॉलोजिकल थ्रिलर के लिए दोनों के बीच बात बन सकती है।

उम्मीद है कि जल्द ही ये दोनों अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर सकते है। अगर हम बात करें रणवीर सिंह के काम की तो वो आने वाले दिनों में 83 में नजर आ सकते है।

# सौदर्य निखार आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देता हैं गेंदे का फूल



सौदर्य निखार आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देता हैं गेंदे का फूलखूबसूरत दिखना हर महिला की चाहत होती है। सुंदर दिखने के लिए महिलाएं तरह-तरह के मेकअप का भी सहारा लेती हैं। ऐसे में अगर सिर्फ एक फूल से आपकी खूबसूरती में निखार आ जाए तो ये आपके लिए किसी वरदान से कम नही होगा। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि वो कौन सा फूल है जिसे इस्तेमाल कर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

- खूबसूरत दिखना हर महिला की चाहत होती है। सुंदर दिखने के लिए महिलाएं तरह-तरह के मेकअप का भी सहारा लेती हैं। ऐसे में अगर सिर्फ एक फूल से आपकी खूबसूरती में निखार आ जाए तो ये आपके लिए किसी वरदान से कम नही होगा। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि वो कौन सा फूल है जिसे इस्तेमाल कर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।
- गेंदे का फूल सेहत व सौदर्य निखार में भी बहुत उपयोगी है। जो कई तरह की स्किन सबंधी प्रोब्लम को दूर करता है। शरीर के किसी हिस्से में सूजन आ जाने पर इन फूलों को पीसकर तैयार कर लें। इस पेस्ट को सूजन वाली जगह पर लगाएं यह आपके लिए लाभकारी होगा।
- फेस पर होने वाली पर झुर्रियों की प्रोब्लम को दूर करने के लिए गेंदे का तेल बहुत लाभकारी है। त्वचा से झुर्रियों से राहत पाने के लिए गेंदे का तेल यूज करें।
- अक्सर मृत त्वचा कोशिकाओं के कारण या ऑपन पोर्स में जमने वाले तेल के कारण आपके फेस पर मुंहासे हो जाते है। जिसके चलते आपको जलन या दर्द का अनुभव होने लगता है। इस परेशानी से निजात पाने के लिए आप गेंदे के फूलों से बनने वाले उत्पादों का यूज कर सकते हैं।

## आदिपुरूष में कीर्ति सुरेश निभा सकती हैं सीता माता का किरदार!

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार प्रभास आने वाले दिनों में कई धमाकेदार फिल्मों से बॉक्स आफिस पर आग लगाने वाले है। जिसमे उनकी फिल्म आदिपुरूष भी शामिल है। इस फिल्म में अभिनेता प्रभास के साथ सैफ अली खान भी अहम रोल में नजर आने वाले है। फिल्म आदिपुरूष का ऐलान काफी समय पहले ही मेकर्स ने कर दिया था। हालांकि अब



फिल्म की शूटिंग भी प्रभास और सैफ अली खान ने शुरू कर दी है। इन दोनों कलाकारों का नाम फिल्म के लिए फाइनल होने के बाद से फैंस ये जानना चाहते हैं कि फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में किस अभिनेत्री को कास्ट किया जाएगा। सुपरस्टार प्रभास की इस फिल्म पर सभी की नजरें टिकी हुई है। इस फिल्म को तान्हाजी फेम निर्देशक ओम राउत बना रहे हैं। इस फिल्म में प्रभास जहां प्रभु श्रीराम के अवतार में दिखेंगे तो वहीं, सैफ अली खान लंकेश के रोल में नजर आने वाले हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हाल ही में अभिनेता सनी सिंह को मेकर्स ने लक्षमण के रोल के लिए कास्ट किया गया है। सनी सिंह को आप फिल्म प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी में देख चुके हे।

# अटल प्रोग्रेस वे : किसान आंदोलन जीत की ओर अग्रसर, सरकार ने घुटने टेके





मुरैना। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने अटल प्रोग्रेस वे के लिए, किसानों की जमीन अधिग्रहण के मामले में जमीन के बदले दुगनी जमीन और जो किसान जमीन नहीं लेना चाहते हैं उनको बाजार मूल्य से 2 गुना मुआवजा देने की ऑनलाइन घोषणा की। मध्य प्रदेश किसान सभा ने इसे किसान आंदोलन की जीत बताया है। अभी शुरुआती तौर पर सबलगढ़ क्षेत्र में मध्य प्रदेश किसान सभा के नेतृत्व में और श्योपुर कलां क्षेत्र में संघर्ष समिति के नेतृत्व में आंदोलन की शुरुआत हुई है, जिससे सरकार कांपने लगी। 12 फरवरी को किसानों का एक बृहद प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से दिल्ली जाकर मिला। जिसमें श्योपुर कलां एवं मुरैना जिले के किसान शामिल रहे। इस प्रतिनिधिमंडल ने नरेंद्र सिंह तोमर के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से ऑनलाइन वार्ता की। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित हो रही है, उन्हें जमीन के बदले दुगनी जमीन देने की पुरानी नीति दोहराई। साथ ही यह भी घोषणा की कि जो किसान जमीन के बदले दुगनी जमीन नहीं लेना चाहते हैं। उन्हें बाजार मूल्य से दुगनी दर से मुआवजा दिया जाएगा। यह किसान आंदोलन की जीत है। मध्य प्रदेश किसान सभा ने इस जीत के लिए किसानों को बधाई दी है।

### प्रश्न जो अनुत्तरित रह गये है -

1- अटल एक्सप्रेस वे के लिए अधिग्रहित होने वाली जमीन पर ऐसे लगभग 30 हजार परिवार पीढ़ियों से खेती कर रहे हैं। जिनके पास न पट्टा है, न भूमि स्वामी स्वत्व है और न ही उन किसानों का कब्जा इंद्राज किया गया है। यह किसान परिवार विस्थापित होकर कहां जाएंगे? क्या करेंगे? उनको जीविकोपार्जन के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाना आवश्यक है। जो सर्वे करवाकर तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

2- जिन किसानों को जमीन के बदले दुगनी जमीन दी जाएगी। उन्हें जमीन समतल करने के लिए, कृषि उपकरणों और अन्य उपादानों के लिए एक लाख प्रति बीघा आर्थिक सहायता दी जाए।

3- जो किसान नगदी मुआवजा लेना चाहते हैं। उन्हें भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार बाजार मूल्य से 3 से 5 गुना मुआवजा दिया जाए। इसके लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का पालन किया जाए। कानून से बाहर मनमानी घोषणाएं नहीं की जाए।

4- अटल प्रोग्रेस वे के लिए जमीन अधिग्रहण बावत दोबारा से फ्रेश नोटिफिकेशन जारी किया जाए। किसानों से दावे आपत्ति लिए जाएं। किसानों को व्यक्तिगत नोटिस भी दिए जाएं। उनसे व्यक्तिगत लिखित में सहमति और असहमति ली जाए। व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सर्वाधिक प्रसार संख्या वाले दैनिक समाचार पत्रों में किसानों के नामों सहित विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जाए। पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए। ताकि किसान समुचित रूप से दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकें।

5- अटल प्रोग्रेस वे के दोनों ओर एक -एक किलोमीटर बीहड़ की जमीन में बनाए जाने वाले प्रस्तावित कॉरिडोर मैं कॉरपोरेट्स को नहीं किसानों को जमीन दी जाए। कृषि आधारित उद्योग लगाए जाएं और बीहड़ की जमीन कारपोरेट के बजाय किसानों को ही दी जाए। बड़े-बड़े गांवों के पास प्रोग्रेस वे में प्रवेश के लिए रास्ता (कट) रखे जाएं।

यह मांगे अभी अनुत्तरित हैं। इनके लिए और घोषणावीर मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल कराने के लिए, किसानों की एकता और संगठन को बनाए रखना और संघर्ष जारी रखना जरूरी है। यही संयुक्त किसान मोर्चा के दिल्ली आंदोलन का भी सबक है और हमारे इस आंदोलन का भी अनुभव है। किसानों की एकता और संघर्ष जारी रखें।

# मित्तल निवास पर न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने नवदंपति को दिया आशीर्वाद




मुरैना। विगत दिनों समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश मित्तल के सुपुत्र मयूर का विवाह सोनम के साथ हुआ था। गत शनिवार को न्यायाधिपति श्री माहेश्वरी ने श्री मित्तल के निवास पर पहुंचकर नव दंपति को आशीर्वाद दिया।

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने जौरा के वरिष्ठ समाज सेवी एवं माहेश्वरी परिवार के अति निकटस्थ कैलाश मित्तल के निवास सरस्वती कुंज राजीव गांधी मार्ग जौरा पहुंचकर उनके पुत्र मयूर मित्तल एवं सोनम (वर-वधु) को आशीर्वाद दिया तथा उनके सुखद उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व न.पा.अध्यक्ष श्रीमती शारदा कैलाश मित्तल, विकास मित्तल एवं उनके परिवारी जन उपस्थित थे। बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति श्री माहेश्वरी का जौरा मैं उनके अपने लोगों से आज भी बहुत गहरा रिश्ता है। बडी बात यह है कि न्यायिक सेवा में ऊंचाइयों पर पहुँचते हुए भी श्री माहेश्वरी रिश्तों को निभाने में पूरी अहमियत देते हैं। उन्होंने कहा कि मित्तल परिवार से उनके हमेशा से ब्यक्तिगत निजी सम्बन्ध रहे हैं।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर सबलगढ़ विधायक को सौंपा ज्ञापन



कैलारस। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने बैजनाथ कुशवाहा विधायक सबलगढ़ को उनके निज निवास कैलारस पर शिक्षक संवर्ग से जुड़ी हुई 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने मांग करते हुए कहा कि एनपीएस पेंशन स्कीम को बंद कर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाए तथा राज्य के शिक्षकों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जाए। सभी शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से ही वरिष्ठता का निर्धारण किया जाए। नवीन राजशिक्षा संवर्ग की 12 वर्ष पूर्ण कर चुके शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ दिया जाए। सेवानिवृत्त हो चुके अध्यापक शिक्षक संवर्ग को ग्रेचुएटी का शीघ्र लाभ दिया जावे, गुरुजी संवर्ग के अध्यापक शिक्षक संवर्ग को शिक्षा गारंटी शाला से शासकीय प्राथमिक शालाओं मैं उन्नयन दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए तथा शिक्षकों से केवल शिक्षा विभाग का ही कार्य कराया जावे। ज्ञापन राहुल शर्मा जिला उपाध्यक्ष आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन के अवसर पर प्रमुख रूप से लोकेंद्र श्रीवास्तव, फखरुद्दीन खान, सत्यवीर कुशवाहा, नरेश गोड, प्रीतम कुशवाहा, सत्येंद्र धाकड़, संतोष शर्मा, मनीराम धाकड़, राघव बैरागी, संतोष त्यागी, वरुण मुद्गल, जुगल किशोर धाकड़, रघुराज धाकड़, गंधर्व कुशवाह, केदार सिंह धाकड़, श्याम सिंह धाकड़ आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# नेकी की दीवार ने कैंसर पीड़ित को दिलाई आर्थिक सहायता



मुरैना। जिले के ग्राम पाय का पुरा में रहने वाले एक कैंसर पीड़ित व्यक्ति को नेकी की दीवार के माध्यम से पुलिस अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने आर्थिक मदद देते हुए इलाज कराने भेजा है और भविष्य में भी मदद करने का आश्वासन दिया है।

बताया जाता है कि महेंद्र सिंह तोमर निवासी पाय का पुरा पोरसा कैंसर से ग्रसित हैं, उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है और आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं कि अपना इलाज करा सकें। इनके द्वारा टीम नेकी की दीवार से संपर्क किया गया। जयपुर स्थित श्री महावीर स्वामी कैंसर इंस्टीट्यूट तक आने-जाने का खर्चा हाउसिंग बोर्ड के पुलिस महानिदेशक पवन जैन, मुरैना पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी एवं तीर्थ संरक्षण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन भैया जी के हाथों द्वारा कैंसर से पीड़ित व्यक्ति की आर्थिक मदद की गई। पुलिस अधीक्षक श्री बागरी द्वारा उक्त कैंसर मरीज को भविष्य में भी मदद की पेशकश की गई, जो उनके मानवीय और संवेदनशील पहलू को उजागर करता है।

# प्रमुख सचिव को लघु वेतन कर्मचारी संघ देगा ज्ञापन

मुरैना।

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ शाखा द्वारा आज 14 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 2 के बीच चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर पल्लवी जैन प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश भोपाल के मुरैना प्रवास पर आने के दौरान उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा जाएगा। विज्ञप्ति में बताया गया कि लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राममूर्ति शर्मा के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष कप्तान सिंह प्रजापति, प्रभारी राजेंद्र भारती, संभागीय दिनेश कुमार बाथम, वासुदेव पिपल एवं अन्य संगठन के पदाधिकारियों द्वारा 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 20 से 25 साल से शासन के आदेश 2016 सितंबर का आज दिनांक तक में पालन नहीं किया जाना, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 2 साल से ठंडी गर्म वर्दी उपलब्ध नहीं करना, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आदिम जाति कल्याण विभाग में योग्यता अनुसार 40 साल से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ नहीं दिया जाना, छात्रावासों में कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों को कोविड-19 संक्रमण बीमारी होने के कारण छात्रावासों में कार्यरत रसोईया, चौकीदार, सफाई कर्मियों को 2020 एवं 21 का वेतन भुगतान नहीं किया जाना, आदिम जाति कल्याण विभाग में वेतन भुगतान 10 से 12 तारीख तक हो पाता है। अतः समय पर 1 तारीख से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान दिए जाने, छात्रावासों में चतुर्थ श्रेणी रसोईया, चौकीदार व अन्य कर्मचारियों को अवकाश देने आदि मांग शामिल रहेंगी।

# शौर्य संचलन को लेकर विश्व हिंदू युवा बजरंग दल की बैठक आयोजित



मुरैना। रविवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आगामी समय में निकाले जाने वाले सौर्य संचलन को लेकर गोपीनाथ की पुलिया स्टेट बाल्मिक बस्ती में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल द्वारा आगामी समय मे निकाले जाने वाले शौर्य संचलन पर विचार एवं लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता हेतु अपील की गई। हिंदू संघटनों को एक होकर शक्ति बढाने पर जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि हम सब हिंदू है और हमें हिंदुओ को एकजुट होना होगा, तब ही हम हिंदुओ का विकास एवं सहयोग संभव है। इस अवसर पर बैठक में विभाग संघठन मंत्री नवनीत शर्मा, विभाग मंत्री बाल कृष्ण शर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील चावला, उपाध्यक्ष कमल दुबे, कोषाध्यक्ष सुशील अग्रवाल एवं बाल्मिक समाज के कई बुजुर्ग एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रभु को सर्वस्व समर्पण ही ब्रह्मा संबंध है: आचार्यश्री गोवर्धनेश

## संकटासुर वध, पूतना वध, नामकरण लीला और माखन चोरी लीला का विस्तार से किया वर्णन



मुरैना। पुष्टि माधुर्य महोत्सव के पांचवें दिन श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं की कथा आचार्य श्री गोवर्धनेश द्वारा अपनी समुद्र बाड़ी से सुनाई।

कथा में भगवान श्री कृष्ण के नामकरण की लीला माखन चोरी की लीला पूतना वध और संकटा सुर राक्षस के वध की लीला का विस्तार से वर्णन किया। साथ ही राक्षसों को भगवान कृष्ण ने अपनी शरण में लेकर उनका उद्धार कैसे किया, यह बात भी आचार्य ने अपने कथा के दौरान विस्तार से उपस्थित वैष्णव जनों को समझाई। उन्होंने कहा कि प्रभु की शरण में पहुंचने वाला व्यक्ति कितना भी बड़ा राक्षस हो अथवा पापी हो लेकिन वह जब प्रभु की शरण में सब कुछ छोड़ कर जाता है तो प्रभु से मुक्ति कैसे प्रदान करते हैं। यह पूतना वध और संकटा सुर वध की लीलाओं से स्पष्ट रूप से समझ में आता है। हम अपनी देह, इंद्रिय, प्राण जो भी है वह सब हम प्रभू के आगे समर्पित कर देते हैं वहीं ब्रह्म संबंध आत्म निवेदन है। प्रभू ने ब्रज में सबसे पहले पूतना का उद्धार किया था। यह पूतना अविद्या का स्वरूप है। हमें जब अपने स्वरूप की विस्मृति हो जाती है तब भगवान हमें अपना समझकर नष्ट कर दें यही पूतना वध है, यही जीव की शरणागति आने पर उद्धार की अंतिम गति है। उक्त बात आचार्य श्री गोवर्धनेश ने मुरैना गांव स्थित पुरुषोत्तम धाम बैठक मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कही। इस अवसर पर सैकडों की संख्या में श्रद्धालुजन कथा श्रवण करने आए हुए थे। श्रीमद् भागवत कथा में शंकटासुर वध उपरांत प्रभू के नामकरण की लीला का वर्णन बडे ही सुंदर ढंग से किया गया। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन भी किया। जिसमें नटखट कन्हैया के द्वारा माखन चोरी की लीला की विस्तृत व्याख्या को। आचार्य श्रीगोवर्धनेश महोदय श्री ने कहा कि भगवान का स्वरूप प्राकृत नहीं है। आप अप्राकृत स्वरूप हैं यानी अजन्मा है, आप प्राकट्य हुआ है। इसलिए हमें हम प्रभु के जन्मदिन के बजाय प्राकट्योत्सव मनाए है, महा महोत्सव मनाते है। कथा के अंत में महाराज श्री गोस्वामी आचार्य दामोदरलाल जी ने अपने प्रवचन मैं वैष्णव जनों को ठाकुर जी की सेवा और समर्पण की विधि समझाएं तो वहीं युवाचार्य गोस्वामी हरिराय ने भी प्रवचन किए।

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदरवास में सुंदरकांड के साथ प्रारंभ हुआ छात्राओं का फेयरवेल कार्यक्रम

बदरवास से हरिओम परिहार की रिपोर्ट

बदरवास। कक्षा 12वीं के पेपर 17 फरवरी से होनी है इससे पूर्व कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं और 12वीं की छात्राओं ने विद्यालय में फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया

जिसकी शुरूआत सुंदरकांड पाठ के आयोजन से हुई जिसमें सभी छात्राओं ने और शिक्षकों ने सहभाग किया सुंदरकांड प्रारंभ से पूर्व छात्राओं ने विद्यालय को सुंदर ढंग से सजाया छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उसके बाद 12वीं की छात्राओं ने विगत 4 वर्षों में विद्यालय में अपने अनुभवों को साझा किया और किस प्रकार उनके जीवन में विद्यालय के अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के द्वारा परिवर्तन आए हैं उसको छात्राओं और शिक्षकों के बीच साझा किया उसके बाद सभी शिक्षकों ने अपने अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के टिप्स प्राचार्य चन्द्रभान श्रीवास्तव द्वारा दिए गए क्योंकि वर्तमान समय में जो कंपटीशन का दौर है इसमें छात्राओं को अध्ययन के साथ-साथ समाज में अपनी व्यवहारिकता कैसे रखनी है और किस प्रकार माता पिता के आशाओं पर खरे उतरना है शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदरवास में सर्वप्रथम विद्यालय के शिक्षक शिक्षाओं के साथ विद्यार्थियों ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया उसके बाद कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए मां सरस्वती जी की वंदना की और छात्राओं द्वारा अतिथियों के स्वागत हेतु स्वागत गीत गाया गया उसके उपरांत विद्यालय में आईटी की छात्राओं द्वारा एक प्रेरणादायक गीत की प्रस्तुति दी गई और कक्षा 12वीं की छात्रा वैशाली परिहार ने



राष्ट्रभक्ति गीत गाकर देश के लिए हमारा क्या योगदान हो सकता है यह समझाने का प्रयास किया कक्षा 12 वी छात्रा रिया यादव ने अपने अनुभव को साझा करते हुये बताया कि विधालय आने से पूर्व मैने कभी माइक नही थामा था लेकिन विधालय में आयोजित होने वाली बालसभा के माध्यम से मैने मंच पर बोलना प्रारंभ किया और लगातार अभ्यास होने से आज यह स्थिति है कि मैं किसी भी मंच पर अपनी बात बिना झिझक के रख सकती हूं

### शिक्षिका बसंती मिंज द्वारा गीत गाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया

शिक्षक कपिल परिहार ने कहा कि इस विधालय से जाने के बाद आपकी और इस विधालय की पहचान आपकी मेहनत से होने वाली है जितनी ज्यादा शिक्षण क्षेत्र में मेहनत आपके द्वा की जावेगी उतना ही गर्व महसूस आपका परिवार और गूरूजन करेंगे कपिल परिहार ने बताया कि अभी हाल में ही शासकीय कन्या उ.मा.वि.की छात्रा भानूप्रिया परिहार ने सिविल जज की मैन्स परीक्षा उत्तीर्ण की है हम चाहते है कि हमारे विधार्थी इसी प्रकार विधालय का नाम रोशन करते रहे उसके बाद कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने 12वीं की छात्राओं को उपहार दिया और 12वीं की छात्राओं ने भी 11वीं की छात्राओं को रिटर्न गिफ्ट दिया कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा रितिका यादव कामनी यादव और यशमनी धाकड़ ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं ने सह भोज किया कार्यक्रम में प्राचार्य श्री चंद्रभान श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव,डॉ शशीकला राठौर, राकेश कुशवाह,चंपालाल कुशवाह,लक्ष्मण प्रसाद राठौर,श्रीकृष्ण सुमन, चंपालाल ओझा, कल्पना दुबे, संतोष ओझा,आरती पटवा,हितेन्द्र कुशवाह, नावेद अली हाशमी , नीतू श्रीवास्तव सहित सैंकड़ों छात्राये उपस्थित रही

## वांटेड स्थाई वारंटी गिरफ्तार




पुलिस थाना पिछोर को मिली बहुत बड़ी सफलता मारपीट के 7 वर्ष पुराने दो प्रकरण में वांटेड स्थाई गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया जिसके दो स्थाई गिरफ्तारी वारंट वर्ष 2018 से लंबित थे ।पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन टीआई पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में लगातार स्थाई व गिरफ्तारी वारंट तामील का अभियान चला जा रहा है इसी तारतम्य मुखबिर की सूचना पर ग्राम ककरौठा पिछोर से 7 वर्ष पुराने मारपीट के प्रकरण में स्थाई गिरफ्तारी वारंटी अरविंद यादव उर्फ विनोद यादव निवासी ग्राम ककरोठा थाना पिछोर जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया । अरविंद उर्फ विनोद यादव 7 वर्ष पुराने मारपीट के मामले में दो स्थाई गिरफ्तारी वारंट में वर्ष 2018 से वांटेड था । पुलिस थाना पिछोर टीम में उपनिरीक्षक नितिन भार्गव , सहायक उप निरीक्षक जहान सिंह ,शैलेंद्र सिंह चौहान , प्रधान आरक्षक घनश्याम सिंह परमार, हिमांशु चतुर्वेदी ,राघवेंद्र चौहान ,अरविंद यादव आरक्षक बृजेश राणा ,रूपेंद्र यादव व प्रदीप कौरव शामिल रहे।

## मध्यप्रदेश मैं विप्र कल्याण बोर्ड के गठन हेतू विप्रसंवाद के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर श्योपुर पधारे!



श्योपुर - विप्रसंवाद के राष्ट्रीय संयोजक एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज पाराशर मध्यप्रदेश मैं विप्र कल्याण बोर्ड के गठन हेतू श्योपुर पधारे एवं उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है मनोज पाराशर ने बताया की मध्यप्रदेश मैं ब?ी संख्या मैं ब्राह्मण समाज है समाज कल्याण को ध्यान मैं रखते हुए राजस्थान की भांति मध्यप्रदेश मैं भी विप्र कल्याण बोर्ड का गठन हो इसके लिए संगठन की तरफ से जिला स्तर पर ज्ञापन प्रेषित किए जायेंगे!

## 10 लाख रुपए की लागत से इंदिरा कॉलोनी में बनाई जायेगी सड़के और नाली, पूर्व नपा अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मी गिरी ने किया भूमिपूजन



जिला ब्यूरो चीफ टीकमग? अजय खंगार की रिपोर्ट

टीकमगढ़। शहर के वार्ड नंबर 11 इंदिरा कॉलोनी अलमारी निर्माण गोदाम के पास पहुंच कर वार्ड वासियों की मांग नाली एवं सी सी रोड निर्माण कार्य वार्ड वासियों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी भूमि पूजन किया। यह सी सी रोड एव नाली निर्माण कार्य नगर पालिका के द्वारा 10 लाख रुपए की लागत से निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री मधुलिका भटनागर जी, पार्षद रमजान खान जी, अनीश खान जी, शरीफ खान जी, शकील खान जी, शिवचरण उत्मलिया जी सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

## प्रभु कृष्णा भगवान को पूतना के दुआरा विश्व पान कराने पर भी प्रभु ने दिया मां का दर्जा आचार्य दुबे जी

दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर

वार्ड नंबर 11 में चल रही श्री मद्भागवत कथा के पंचम दिवस आचार्य पण्डित सत्यम दुबे शास्त्री जी ने बताया कि कृष्ण जन्म के बाद पूतना को भी मां की गति प्रदान कर मोक्ष प्रदान कराया एवम आगे बाल लीलाएं कराते हुए गोवर्धन लीला का वर्णन समझाया और इंद्र का मोह ब्रह्मा का मोह भंग किया हमें जीवन में अंहकार नहीं करना चाहिए क्योंकि प्रभु को अहंकार पसंद नहीं उन्हें सरल हृदय वाले भक्त प्रिय हैं भागवत कथा से कैसा भी प्रेत हो उसे मुक्ति मोक्ष प्राप्त हो जाता है, आचार्य श्री पंडित सत्यम दुबे शास्त्री जी ने भक्तों को उदाहरण देते हुए समझाया की एक होता है सरौता ओर दूसरा होता है श्रोता,सरौता काम करता है काटने ने का ओर श्रोता काम करता है जोड़ने का,तो इंसान को हमेशा काम श्रोता बनकर करना चाहिए ना कि सरौता बनकर,।। आज भागवत कथा में कथा का रसपान करने पधारे प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने भागवत मंच से राजनीति से अलग हटकर क्षेत्र की कन्याओं के विवाह में तन मन धन से हर प्रकार की मदद के लिए हम हर समय मदद के लिए है तैयार।



### भक्तों ने किया आचार्य सत्यम दुबे जी महाराज का श्रीफल साल देकर किया सम्मान

भक्तों के, नाम बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी पूर्व विधायक मेहगांव , राजवीर सिंह गुर्जर मंडल अध्यक्ष, बीजेपी रवि शंकर व्यास, पूर्व बीजेपी पार्षद रोहित शुक्ल।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ म.प्र.ब्लाक इकाई मेहगांव के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम विधान सभा प्रभारी देवेन्द्र कौशल के नेत्रत्व मे माननीय राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया जी ज्ञापन दीया



दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर

आज मेहगांव रेस्ट हाउस पर राज्यमंत्री ओ पी एस भदोरिया अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया अध्यापक शिक्षक संवर्ग की मुख्य मांग न्यू पेंशन स्कीम की जगह पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए केन्द्र सरकार के समान महगाई सेवानिवृत्त शिक्षकों को ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए 12वर्ष पूर्ण शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ, दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए, आदि मांगो के निराकरण हेतु ग्यापन दिया गया माननीय मंत्री जी ने सभी साथियों से कहा आप की सभी मांगो का माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा निराकरण अवश्य, किया जाएगा ग्यापन देने गीता चौहान, हेमलता गोयल, सुमन सिकरवार, रजनी अहिरवार, देवेन्द्र कौशल, जयसिंह दीपक यादव चौहान, कुसुमकान्त पारासर, जितेंद्र सिंह चौहान, हरिश्चन्द्र दांतरे, रमाशंकर धाकरे, मायाराम पाठक, नरेंद्र त्यागी, रामकिशोर गोस्वामी, भानुप्रताप सिंह, अमरसिंह मित्तल, सुरेन्द्र इंदौरिया, ब्रजेश नरवरिया, विशेषण सिंह, देवेश मौर्य, बालविहारी, रविन्द्र सिहं, नरेश निगम, आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली हेतु प्रधानमंत्री को लिखे जाएंगे पत्र - गगन शर्मा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सतेंद्र सिंह तिवारी के आह्वान पर जिला अध्यक्ष गगन शर्मा के नेतृत्व में गौरी सरोवर स्थित किशोरी वोट क्लब पर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रांत, संभाग एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में एनपीएस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक में प्रांतीय स्तर की एजेंडे पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने हेतु कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया।

शिक्षक मुकेश राठौर को जिला सचिव, शिक्षक मयंक खंडेलवाल को सह सचिव, एवं सहायक शिक्षक अमित शर्मा को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया।



बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज शुक्ला ने कहा की हमें बजट सत्र के पूर्व विधानसभा में पुरानी पेंशन बहाली करवाने हेतु सभी विधायकों के घर धरना देकर ज्ञापन सपना होगा।

संभागीय संरक्षक गिर्राज भदोरिया ने कहां कि हमारे साथी लगातार सेवानिवृत्त हो रहे हैं और एनपीएस पेंशन के रूप में हजार, बारह सौ रुपए दिए जा रहे हैं यह बहुत दुखदाई है जो सरकार हमारी बात हमारी मांग नहीं मानेगी हम उसका सहयोग भी नहीं करेंगे।

संभागीय अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सेंगर ने कहा 30 - 40 वर्ष की सेवा करने वाले सरकारी कर्मचारी को पेंशन बंद करके एनपीएस तथा एक दिन के लिए विधायक-सांसद बनने पर पेंशन जितनी बार जीत उतनी बार पेंशन यह कैसा कानून है, हमारी पुरानी पेंशन बहाल की जाए।बैठक में जिला अध्यक्ष गगन शर्मा ने बताया कि हम सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रधानमंत्री को उनकी वेबसाइट पर जाकर पत्र लिखेंगे इसमें प्रधानमंत्री से अनुरोध करेंगे की हमारी पुरानी पेंशन बहाल की जाए एवं बहुत जल्दी हम विधायकों को ज्ञापन देकर उनसे कहेंगे की विधानसभा के शीत सत्र में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हमारी मांग रखी जाए।

बैठक में राजस्व विभाग पटवारी संघ की ओर से पटवारी राघवेंद्र सिंह तोमर,धर्मेंद्र शर्मा, शत्रुघन सिंह, प्रभाकर सिंह, मनमोहन सिंह राजावत, जिलेदार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इसी के साथ सेवानिवृत्त सैनिक जयदीप सिंह राजावत जिन्हें पुरानी पेंशन मिल रही है उन्होंने भी कहा कि शासन को पुरानी पेंशन बहाल की जानी चाहिए कर देनी चाहिए क्योंकि पेंशन ही बुढ़ापे का सहारा होती है।

बैठक में महिला जिला अध्यक्ष उषा दीक्षित कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंजू शर्मा रछेड़ी प्राचार्य संतोष यादव, पंकज सोनी, क्षमा मिश्रा, मीना ओझा, अश्वनी तिवारी, प्रमोद कुमार शर्मा, राजेंद्र गोयल, कुलदीप बसेड़िया, मनीष जोशी, गयाराम बाथम, विनोद गोयल, विजय शाक्य, कमलेश सिंह कुशवाह, रविंद्र शाक्य, महावीर प्रसाद, उमंग सक्सेना, राम सिंह प्रजापति, राजीव त्रिपाठी, विजय राम बघेल एवं बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग उच्च शिक्षा विभाग राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर सहभागी रहे।

# दिनारा पुलिस की कार्यवाही 5000/- रूपये के इनामी वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी--पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिहं चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन मे मुखविर द्वारा सूचना मिली कि दिनारा पिछोर रोड छितीपुर तिराहा पर माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के सीआरए क्रमांक 828/2012 में गिरफ्तारी वारंटी हरनाम लोधी पुत्र विक्रम लोधी उम्र 45 साल निवासी ग्राम गुनरया थाना बसई जिला दतिया (म.प्र.) का खडा है उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये एस.डी.ओ. पी. अनुभाग करैरा जी.डी. शर्मा को निर्देशित किया जी. डी. शर्मा द्वारा तत्काल थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया थाना प्रभारी द्वारा तत्काल मय बल के मौके पर जाकर कार्यावही गई तो दिनारा पिछोर रोड छितीपुर तिराहा पर पहुंचे जहां मुखविर के बताये हुलिया का एक व्यक्ति दिखा जो पुलिस को आते देखकर छितीपुर तिराहा से पिछोर रोड की तरफ भागने लगा जिसे संदेह के आधार पर हमराह फोर्स



एवं राहगीर पंचान की मदद से घेरकर पकड़ा,पकडे गये व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम हरनाम लोधी पुत्र विक्रम लोधी उम्र 45 साल निवासी ग्राम गुनरया थाना बसई जिला दतिया (म.प्र.) का होना बताया वारंटी हरनाम लोधी निवासी गुनरया थाना बसई जिला दतिया को मौके पर गिरफ्तार कर मौके की कार्यवाही की गई वारंटी हरनाम लोधी के विरूद्ध थाना बामौरकला को डकैती के अपराध में वर्ष 2007 से (15 वर्ष) से फरार चल रहा था पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा 5000/- रूपये का ईनाम घोषित किया था

उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव, सउनि संजय कुमार भगत मय प्रआर. 490 हिमाचल रावत प्रआर. 498 अशोक तिवारी मय आरक्षक 778 रामबीर सिंह आरक्षक 169 पुष्पेन्द्र सिंह चौहान आरक्षक 267 विकास दुवे आरक्षक 240 पीकेश कुमार आरक्षक 903 आशीष शर्मा आरक्षक 133 सोनू साहू मय आरक्षक चालक 777 मनीष गोस्वामी सैनिक 318 हरीराम की सराहनी भूमिका रही है।

## संभागीय अभियोजन लिपिक संवर्गीय दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण



अनिल कुशवाह
ब्युरो पुष्पांजलि टुडे

आज दिनांक 13/02/2022 को माननीय श्रीमान अन्वेष मंगलम , संचालक लोकअभियोजन संचालनालय म. प्र. भोपाल के निर्देशानुसार शिवपुरी जिले में ग्वालियर चंबल संभाग के अभियोजन कार्यालय में पदस्थ लिपिक वर्ग की दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मातोश्री होटल जिला शिवपुरी में रखा गया जिसमे मुख्य अतिथि माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी और अध्यक्षता माननीय राजेश कुमार चंदेल पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि माननीय पवन कुमार संखवार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं माननीय उमेश कुमार भगवती न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उपस्थित रहे कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवम पूजा से किया गया। उक्त कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय और माननीय पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का ज्ञानवर्धक उद्बोधन दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन श्रीमान संजीव कुमार गुप्ता जिला लोक अभियोजन अधिकारी शिवपुरी द्वारा किया गया उक्त प्रशिक्षण में ग्वालियर चंबल संभाग से आये 43 प्रशिक्षणार्थियो ने भाग लिया, ओर एंड न्यायालयीन कार्य प्रणाली में अभियोजन की भूमिका पर प्रशिक्षण प्राप्त किया । एवम ज्ञान अर्जन किया ।कार्यक्रम में श्री नरेन्द्र रघुवंशी,ऋह शिवपुरी ने द्वद्वद्वद्वह्य पर , श्री व्ही. व्ही. पटनायक ने आयकर एवम श्री आरिफ खान निरीक्षक ने आयकर, श्री हजारी लाल बैरवा,स्रस्र स्रश्चश शिवपुरी ने न्यायालयीन आवेदन और श्री विशाल काबरा द्वारा द्वश्चs एन्ड ष्द्धश्चs के संबंध में व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री शैलेन्द्र शर्मा,छ्वक्क द्वारा किया गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगमन की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेठी की ब्लॉक स्तरीय बैठक सम्पन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे।

## एक लाख से भी अधिक की संख्या में एकत्रित होंगे कार्यकर्ता एवं आमजन : मानसिंह



भिण्ड। जिला कांग्रेस कार्यालय पर भिंड अटेर ब्लॉक की कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई जिसमें 23 फरवरी को एमजेएस स्टेडियम ग्राउंड में होने वाली जन आक्रोश रैली मैं पधार रहे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगमन कार्यक्रम को लेकर सभी वरिष्ठ नेताओं ने और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए इसी क्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा आज किसान नौजवान व आमजन दर-दर भटकने के लिए भाजपा सरकार ने मजबूर कर दिया है सरकार के प्रति आमजन का आक्रोश 23 तारीख को होने वाली सभा में जनाक्रोश के रूप में देखने को मिलेगा, घर चलो घर-घर चलो अभियान से आमजन भजापा के असली चेहरे से रूबरू हुआ है जिसका असर जनआक्रोश सभा मे देखने को मिलेगा। श्री कुशवाहा ने कहा जिला कांग्रेस कमेठी की समस्त बिग,मोर्चा,पूर्व पार्षद से लेकर लोकसभा विधानसभा के वर्तमान व पूर्व प्रत्याशी सब एकजुट होकर 23 फरवरी को होने वाली आमसभा को मिलकर सफल बनाने के लिए मेहनत करे। इसी क्रम में पूर्व विधायक सोपत जाटव ने भी ने भी कहा होने वाली आम सभा हम सबको प्राण पद से जुड़ कर सफल बनाना है इसी क्रम में शहर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, प्रदेश सचिव भगवान दास बाबा ,प्रदेश सचिव गुड्डू वाल्मीकि ,वरिष्ठ नेता मनोज देपुरिया बृजेंद्र सिंह कल्लू, मोर्चा संगठन सेवादल के अध्यक्ष संदीप मिश्रा, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदोरिया, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल आगरिया कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजवीर खन्ना ,महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रेखा भदौरिय,विनीत बंटी शर्मा ,वरिष्ठ नेता इरशाद अहमद, युवा नेता राहुल सिंह कुशवाह, समीर भदोरिया ,अरविंद सोनी, पिंटू शर्मा, वेद प्रकाश श्रीवास्तव सरपंच, सोमबीर यादव, मनीष शर्मा, दमोह योगेश शाक्य नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ,युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष विक्रम सिंह राजावत,अरविंद अरेले, शिवप्रताप जवासा विनोद पंडित,हरिनारायण शर्मा, भिंड ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष एवरन सिंह बघेल,दर्शन सिंह तोमर,नीलम भदोरिया इत्यादि लोग उपस्थित होकर अपने विचार रखे।

## संक्षिप्त समाचार



### भारतीय जनता पार्टी मंडल पोहरी की कामकाजी बैठक आदर्श विद्यालय पोहरी में संपन्न हुई

रिपोर्टर पुष्पांजलि टुडे अरुण खंगार पोहरी 70 244 85 133

पोहरी, भारतीय जनता पार्टी मंडल पोहरी की कामकाजी बैठक आदर्श विद्यालय पोहरी में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि माननीय सुरेश धाकड़ मंत्री श्री पहलाद भारती प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केशव सिंह तोमर पृथ्वीराज जादौन दिलीप मंगल मंडल अध्यक्ष असंतोष जैमिनी मुरारी लाल धाकड़ दिनेश जाटव हेमंत गर्ग अशोक गुर्जर लखन सेन नरेश शर्मा भरत लक्ष्मी नारायण खटीक राजे पवन शर्मा सारिका योगी राजकुमारी धाकड़ शारदा पारो लिया भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे आजीवन सहयोग निधि को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि से प्रारंभ होने वाली समर्पण निधि को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी।

### सर्वेक्षण टीम ने किया प्रतिष्ठानों का सर्वेक्षण




पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर

पन्ना - नगर परिषद देवेन्द्रनगर द्वारा नगर के प्रमुख विभागों, विद्यालयों व प्रतिष्ठानों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत सम्मलित किया गया हैं। जिसका नगर परिषद देवेन्द्रनगर द्वारा गठित सर्वेक्षण टीम द्वारा मोके पर जाकर सर्वे किया गया। सर्वे टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,श्रीजी रेस्टोरेंट, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी व रैनबो पब्लिक स्कूल का मुख्य बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए सर्वे किया गया। सर्वे टीम द्वारा 100 अंकों में अंक प्रदान कर प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान दिया जाएगा। सर्वे टीम में कु.पूनम गुप्ता,ललित गुप्ता,रमेश अग्रवाल,रवि जैन व ब्रांड एम्बेसडर प्रमित अग्रवाल,मृत्युंजय सिंह बुंदेला उपयंत्री,एस एस बुंदेला स्वच्छता निरीक्षक,जीतेन्द्र तोमर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गोवर्धन लीला और इंद्र का मान मर्दन देख मंत्रमुग्ध हो गए कथा प्रेमी



**भगवान से सच्चे मन से लगन लगाई जाए तो वे सदैव रक्षा करते हैं ,,,शास्त्री**

गोहद एंडोरी ग्राम पंचायत के मजरा भूरे के पूरा पर आयोजित भागवत कथा में व्यास गद्दी पर विराजमान संत दाऊदयाल शास्त्री ने कथा श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान के प्रति जो लोग ईमानदारी और लगन के साथ जुड़ते हैं भगवान उनकी सदैव रक्षा करते हैं अगर सत्य सत्य के मार्ग पर जो लोग चलते हैं भगवान उनको उसी प्रकार सहायता करते हैं जैसी जिसकी मानसिकता होती है प्रभु उसको उसी रूप में मदद करते हैं आज की कथाओं में विशेष रुप से भगवान श्री कृष्ण ने बताया कि बाल लीलाओं का मंचन किया गया गोवर्धन लीला भी हुई इंद्र का मान मर्दन भी किया गया हजारों श्रोताओं ने भागवत कथा में इन लीलाओं का आनंद लिया और भगवत कथा का श्रमण किया।

# नेहरू युवा केन्द्र ग्वालियर एवं गिर्द विकास युवा मण्डल द्वारा आत्म निर्भर भारत अभियान अंतर्गत युवाओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया




युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की संस्था नेहरू युवा केन्द्र ग्वालियर द्वारा गिर्द विकास युवा मण्डल सिमरिया टांका, जिला ग्वालियर के सहयोग से आत्म निर्भर भारत अभियान अंतर्गत युवाओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं डिजीटल प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 13.02.2022 को पंचायत भवन सिमरिया टांका में किया गया, जिसमे लगभग 60 से अधिक युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चन्द्र प्रताप सिंह सिकरवार कार्यपरिषद सदस्य राजा मानसिंह संगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर, विशिष्ट अतिथि श्री राजेश कटारे समाजसेवी, श्री कमल सिंह बघेल माध्यमिक शिक्षक, श्री सुहान अली समाजसेवी उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल के संचालक श्री गजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा की गई, कार्यक्रम का संचालन श्री गजेन्द्र रावत ने किया, इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा आत्म निर्भर भारत अभियान का प्रशिक्षण प्रदान किया व सरकार द्वारा चलाये जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित युवाओं को दी, कार्यक्रम में सभी अतिथियों को शॉल व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री चन्द्र प्रताप सिंह सिकरवार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए स्थानीय बैंकों से संपर्क कर ग्राम स्तर पर ही छोटे छोटे उद्योग स्थापित करने का प्रशिक्षण दिया, उनके द्वारा बताया कि शासन द्वारा चलाई जा रही विनिन्न योजनाओं का लाभ लेकर ग्राम में रहकर भी युवा वर्ग स्वरोजगार प्राप्त कर आत्म निर्भर बन सकता है, विशिष्ट अतिथि श्री राजेश कटारे द्वारा डिजिटल बैंकिंग के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया, मण्डल के संचालक श्री गजेन्द्र चौहान द्वारा इस अवसर पर बताया कि नेहरू युवा केन्द्र ग्वालियर व गिर्द विकास युवा मण्डल द्वारा युवाओं को जागरूक करने के इस प्रकार के प्रशिक्षण समय समय पर आयोजित किये जाते हैं।



## ईटन्दरा चारणान आई माता प्राण प्रतिष्ठ महोत्सव इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा

**धर्म रथ एवं धर्मगुरु का किया भव्य ऐतिहासिक स्वागत**

पुष्पांजलि टुडे। नरेश कुमार सिरवी पाली रानी। राजस्थान मरुधरा के धर्म नगरी ईटन्दरा चारणान आई माता मंदिर मंदिर प्राण महोत्सव धार्मिक आयोजित कार्यक्रम में क्षत्रिय सीरवी समाज ईटन्दरा चारणान के संयुक्त सामूहिक धार्मिक महोत्सव के तहत धर्मरथ धर्मगुरु परम पूज्य दीवान माधव सिंह का किया भव्य ऐतिहासिक स्वागत। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभारंभ गणपति पूजन से शुरुआत कर वरघोड़ा बंदोली कलश यात्रा महायज्ञ वास्तु शांत हवन भजन संध्या सत्कार सम्मान कार्यक्रम ऐतिहासिक बनाने में सफल प्रयास किया गया। ईटन्दरा चारणान सीरवी समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में आई पंथ के अनुयाई सीरवी समाज ईटन्दरा चारणान के नेतृत्व में धर्मरथ धर्मगुरु दीवान माधव सिंह का पुष्प वर्षा कर भव्य ऐतिहासिक स्वागत किया गया। प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में अभिषेक मुहूर्त विक्रम संवत 2078 माघ सुदी तेरस 14 फरवरी 2022 प्रातः आई माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पाट स्थापना मुख्य शिखर स्थापना कलश स्थापना ध्वजारोहण सीरवी समाज धर्मगुरु परम पूज्य दीवान माधव सिंह सहित महात्माओं के सानिध्य में संपन्न किया जाएगा।

# उत्तम मातृत्व सुरक्षा सेवायें प्रदान करने का लिया संकल्प

### एस.बी.ए. प्रशिक्षण पूर्ण करने पर सहभागियों को प्रदान किये कौशल प्रमाणपत्र

### लेबर रूम में कुशल प्रसव सहायक ही करेंगें कार्य



**पुष्पांजलि टुडे। नरेश कुमार सिरवी पाली।** पाली चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीन राजकीय बांगड़ चिकित्सालय परिसर स्थित जिला प्रशिक्षण केन्द्र पर जिले में कार्य कर रहे नर्सिंग कर्मचारियों के लिये आयोजित किये जा रहे 21 दिवसीय आवासीय एस.बी.ए. प्रशिक्षण ( स्किल्ड बर्थ एटैण्डैण्ट ) जिसे कुशल प्रसव सहायक प्रशिक्षण भी कहा जाता है, का समापन रविवार को जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. मिर्धा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। एस.बी.ए. प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आयोजित सत्र में सी.एम.एच.ओ. डॉ. मिर्धा ने सहभागियों को सम्बोंधित करते हुये कहा कि मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता बनाये रखना हम सभी सेवाप्रदाताओं की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी करने के उद्देश्य से ही कुशल प्रसव सहायक प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

# माँ रणकौशला देवी के जन्मोत्सव की तैयारी सम्पन्न, आज मनाया जाएगा जन्मोत्सव

## जीवन जीने के तरीके सिखाती है श्रीराम कथा-मानस शिरोमणि सुश्री आरती जी

अर्पित गुप्ता,उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



दबोह- नगर से दो किमी. की दूरी पर स्थित आदिशक्ति माँ रणकौशला देवी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के समापन पर रविबार को कथा वाचक मानस शिरोमणि सुश्री आरती जी ने कथा के अंतिम दिन की में राम-रावण युद्ध,लंका दहन,विभीषण का राज्याभिषेक सहित राजा राम के राज तिलक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया।कथा वाचक सुश्री आरती ने कहा कि रामायण हमें जीवन जीने के तरीके सिखाती है श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए कहा गया कि दूसरों की सम्पत्ति चाहे कितनी भी मूल्यवान हो उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं है चौदह वर्ष वनवास पूर्ण करने के बाद भगवान श्रीराम जब वापस अयोध्या पहुंचे तो अयोध्यावासी खुशियों से झूम उठे रामायण हमें आदर,सेवा-भाव,त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की सम्पत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है ऐसे बहुत से शभ्य गुण सिखाती है उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने दीन-दुखियों,वनवासियों आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए,उन्हें संगठित करने का कार्य किया एवं उस संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया है।उसी प्रकार से हर राम भक्त का दायित्व है कि धर्म के अच्छे एवं पुनीत कार्यो में अपना सहयोग प्रदान करना चाहिए तदुपरांत श्रीराम के राज्याभिषेक का वर्णन किया और बताया कि बुराई और असत्य ज्यादा समय तक नहीं चलता अन्ततः अच्छाई और सत्य की विजय होती है अधर्म पर धर्म की जीत हमेशा होती आई है श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग के दौरान पूरे पंडाल में भक्तों के द्वारा पुष्पों की वर्षा की गयी।

आज सोमवार को धूमधाम से मनाया जायेगा माँ रणकौशला का जन्मोत्सव

श्रीराम कथा के समापन के साथ रविवार के दिन ही माँ रणकौशला के जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गयी।सोमवार को हर बर्ष की भांति इस बर्ष भी माता का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा माता मंदिर के पुजारी हलधर पंडा महाराज जी ने बताया कि सर्वप्रथम माता का अभिषेक कर महा आरती की जाएंगी ततपश्चात माता को छप्पन प्रकार का भोग लगाया जाएगा वही बता दे कि माता के द्वारा हर क्षेत्र में व्यक्ति का कौशल बड़ाती है खासकर जब व्यक्ति रण में हो तो माता के द्वारा उक्त व्यक्ति का कौशल अवश्य बड़ाया जाता है इसलिए माता को रणकौशला देवी के नाम से जाना जाता है मान्यता है कि इस मंदिर में आने से सभी इच्छाएं और मनोकामनाएं पूर्ण होती है एवं माँ के जन्मोत्सव पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया है।

# नाजायज धन्धे किसी भी सूरत में फलने फूलने नही दिये जायेगे...एसपी आशुतोष बागरी

## मुखबिरो की सूचनाओ से पुलिस को मिल रही सफलताये...

**केशब पंडित जी चम्बल ब्यूरो...??**




मुरैना... मुरैना के नवागत एसपी आशुतोष बागरी ने थाना प्रभारियों को आदेश दिया है कि जो व्यक्ति जुआ खेलते पकड़े जाएं या शराब पीकर हुड़दंग मचाते पकड़े जाएं, उन्हें पैदल ही थाने पर लाया जाए। इस पर स्टेशन थाना प्रभारी जितेन्द्र नगाइच ने 17 जुआरियों को शुक्रबार वार की रात जुआ खेलते पकड़ा। इस पर पुलिस उन्हें पैदल ही स्टेशन थाना लेकर आई।

शहर में बदमाशों, जुआरियों व ऊधम मचाने वालों में पुलिस का खौफ पैदा करने के लिए नवागत एसपी आशुतोष बागरी ने पुलिस अधिकारियों को खास निर्देश दिए हैं। इसमें जो व्यक्ति जुआ खेलते या खिलाते या शराब पीकर हंगामा करते पाए जाते हैं तो उन्हें पैदल ही थाने लाया जाए, जिससे अपराधियों में पुलिस के प्रति खौफ पैदा हो। लोगों में इस बात का डर हो कि अगर वे जुआ खेलते पकड़े जाते हैं तो उन्हें पैदल ही थाने ले जाया जाएगा जिससे सभी लोग उन्हें देखेंगे और उनकी बेइज्जती होगी। यह आदेश होते ही स्टेशन थाने के नवागत थाना प्रभारी जितेन्द्र नगाइच ने इमलिया गॉव के पास बीहड में छापा मारा। वहां 20 जुआरी फड़ लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से ताश की गड्ड्डी व 45 हजार रुपए के लगभग जब्त किए। इसके बाद पुलिस वाले उन जुआरियों को पैदल-पैदल थाने तक लेकर आए और उन्हें लॉकअप में डाल दिया।

नवागत एसपी आशुतोष बागरी ने सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया है कि आप भी अपना काम जिम्मैदारी से करे हमारा भी मुखबिर तन्तु प्रत्येक जगह पर है जो भी जुआरी व उपद्रवी पकड़े जाएं, उनके साथ ऐसा सुलूक किया जाए जिससे उन्हें खुद में शर्म महसूस हो। इससे इन छोटे अपराधों में अंकुश लग सकेगा सभी माफिया कान खोलकर सुनले शराब माफिया या रेत माफिया यह अपना खेल बन्द कर दे नही तो जेल की हबा खाना पडेगी और सभी पुलिस भाई यूनिफॉर्म में दिखना चाहिये और जो पुलिस कर्मचारी व बीट प्रभारी अच्छा काम करगे तो पुरूस्कृति किया जायेगा अगर माफियाओ के साथ सौहरत पाई गई तो लाइन में सीधे अटैच कर दिये जाओगे

# स्वच्छता के लिये आमजन को जागरूक करने वाले ब्रांड एम्सडरों का हुआ सम्मान







ग्वालियर- स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में शहर को स्वच्छता में नम्बर 1 स्थान पर लाने के लिये निगम के साथ स्वयं सेवी संस्थायें, शहर के गणमान्य नागरिक तथा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर द्वारा आमजन को स्वच्छता के लिये घर-घर जाकर जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वच्छता का कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जा रहा है। जिसके तहत क्षेत्रीय कार्यालयों पर ब्रांड एम्बेसडरों को सम्मानित किया गया।

निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वच्छता में सहयोग करने वालों को क्षेत्रीय कार्यालय पर बैठक कर सम्मानित किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 37 में ब्रांड एंबेसडर तथा क्राइसिस मैनेजमेंट सदस्यों के साथ बैठक की गई। सफाई मित्रों श्रीमती रचना पत्नी श्री बल्लू, श्रीमती सुमन पत्नी श्री रामस्वरूप को सम्मान पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्री मुकेश परिहार, श्री जितेंद्र घुरैया, श्री राजेन्द्र भट्ट अभिभाषक, श्री अरुण शर्मा आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही वार्ड नंबर 36 में नागरिकों द्वारा सफाई मित्रों को फूल माला पहनाकर प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वार्ड मोनिटर श्री अजय सिंह ठाकुर, डब्ल्यूएचओ श्री संजय मेवाती, श्री राहुल।

इसके साथ ही वार्ड 52 में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत ब्रांड एंबेसडर का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें वार्ड के ब्रांड एंबेसडर श्री चेतन मंडलोई, श्री जनवेद चैरसिया, श्री के सी गौतम, श्रीमती मीना जादौन एवं श्रीमती रुकमणी जोशी का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया एवं सम्मान पत्र भी दिए गए, वार्ड मे स्वच्छता मे कार्य करने वाले रहवासियो एवं सक्षम हॉस्पिटल और उनके स्टॉफ का भी स्वागत कर सम्मान पत्र दिए गए। वार्ड के सम्मान कार्यक्रम मे वार्ड मॉनिटर श्री धर्मेंद्र परमार, श्री मुकेश खरे, श्री विद्या राम चैहान, श्री हेमंत चैहान एवं श्री गजेंद्र करोसिया के साथ श्री महाद्वीप एवं वार्ड के जागरूक नागरिक एवं न्यू सक्षम हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

साथ ही वार्ड 55 में आमखो बस स्टेशन क्षेत्र में विगत 2 माह में जो सफाई के लिए अच्छ रेस्पॉन्स मिल रहा हैं उसके लिए उस क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों श्रीमती नीतू, श्रीमती आलेख, श्री संजय, श्री दिनेश का सम्मान स्थानीय लोगो व ब्रांड अम्बेसडर के द्वारा करवाया गया और मास्क हैं जिंदगी अभियान के डब्ल्यूएचओ द्वारा मास्क का वितरित किया गया। वार्ड क्रमांक 6, 9 एवं 10 में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत अच्छासफाई कार्य करने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। जिसमें बार्ड मॉनिटर श्री हरविलास माहौर, श्री भगवान दास, वार्ड 6 के डब्ल्यूएचओ श्री राजेंद्र पारछे, वार्ड 9 के श्री रवि मेवाती, वार्ड क्रमांक 10 डब्ल्यूएचओ श्री महेश, श्री विकास चंदेल, श्री मोहन सिंह जादौन उपस्थित रहे।

वार्ड क्रमांक 41 मैं छत्री मंडी क्षेत्र क्राइसिस मैनेजमेंट एवं ब्रांड एंबेसडर के साथ वार्ड क्रमांक 41 के सफाई मित्र श्रीमती अनीता एकता चैहान एवं श्री आदर्श खरे का फूल माला के साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। सहायक यंत्री पीएचई श्री केसी अग्रवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री प्रफुल्ल, सेनेटरी इंस्पेक्टर श्री सेवाराम खरे तथा वार्ड स्वास्थ्य अधिकारी श्री लक्ष्मण खरे उपस्थित रहे। वार्ड में ब्रांड मिस्टर के रूप में प्रोग्राम श्री प्रदीप गर्ग द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें श्री संजय दानी, माधवी गायकवाड एवं श्री केशव राजपूत द्वारा भी स्वच्छता के संबंध में स्वच्छता बनाए रखने हेतु शपथ ली गई।

## संक्षिप्त समाचार

### रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर होगा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं स्वच्छता में सहभागिता करने वाले 251 लोगों को दिया जाएगा रविदास सम्मान ----जगत सिंह कौरव

ग्वालियर। वार्ड क्रमांक 1 स्थित रामाजी का पुरा क्षेत्र में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी जयंती 16 फरवरी 2022 की पूर्व संध्या पर दिनांक 15 फरवरी 2022 को सांय 4 बजे रामाजी का पुरा, बीजासेन माता का मंदिर एबी रोड बहोडापुर पर कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व एमआईसी सदस्य श्री जगत सिंह कौरव के संयोजन में समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृठ कार्य करने वाले नागरिकों के सम्मान हेतु वरिष्ठ नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर भी आम जनों को जागरूक किया जाएगा और स्वच्छता में सहभागिता करने वालों का सम्मान भी किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर जी कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्वालियर के सांसद विवेक नारायण शेजवलकर जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्वालियर के ऊर्जा मंत्री श्री प्रधुम्न सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कमल माखीजानी, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री हरीश मेवाफरोश एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल रहेगें। कार्यक्रम संयोजक जगत सिंह कौरव ने बताया कि कोरोना महामारी जैसे भीषण काल में काम करने वाले डॉक्टर नर्स सामाजिक कार्यकर्ता पुलिस अधिकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं समाज क्षेत्र में काम करने उत्कृष्ट काम करने के लिए जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलसचिव जयारोग्य समूह के अस्पताल प्रबंधक ग्वालियर के प्रशासनिक अधिकारी कला जगत के एवं समाचार जगत के प्रमुख लोगों का चयन इस पर इस अभिनंदन के लिए किया गया है।

## विधाराक डॉ. सिकरवार ने किया सी.सी.रोड़ का भूमि पूजन

### क्षेत्र के विकास में कोई कमी नही आने दी जायेगी



ग्वाल्यिर। 16 ग्वाल्यिर पूर्व से कांग्रेस के जुझारू विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 18 के दीनदयाल नगर में '' वार्ड 18 में सी सेक्टर के शिव दयाल चतुर्वेदी कैंप्स की विभिन्न गल्यिों'' में राशि 8.31 लाख से निर्मित होने वाली सी.सी. रोड़ का भूमि पूजन किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में कॉलोनीवासी सर्वश्री अनूप चतुर्वेदी, अनिरूद्ध चतुर्वेदी, शिवदयाल, सुभाष शर्मा, गिरधारी शर्मा, शमसुद्दीन खान, सुनील शर्मा, वीरपाल यादव, उमाचरण शर्मा, सुमेर सिंह जाट आदि मौजूद रहे।

वार्ड 18 के दीनदयाल नगर में ''शंकर आटा चक्की वाली गली सी.एल. सेक्टर म.नं. 195 तक'' राशि 5.11 लाख से निर्मित होने वाली सी.सी. रोड़ का भूमि पूजन किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में कॉलोनीवासी सर्वश्री हिमांशु श्रीवास्तव, अम्बिका प्रसाद शर्मा, मुन्नालाल विश्वकर्मा, राजेन्द्र शर्मा, रामू श्रीवास, कमलेश बरूआ, श्रीमती सीमा भदौरिया आदि मौजूद रहे।

वार्ड 18 के दीनदयाल नगर में ''राजकुमार के मकान से सी.एल. 105 तक'' राशि --- लाख से निर्मित होने वाली सी.सी. रोड़ का भूमि पूजन किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में कॉलोनीवासी सर्वश्री उत्तम सिंह चौहान, मनोज बरूआ, संजय श्रीवास, रामप्रसाद आदि मौजूद रहे।

वार्ड 18 के दीनदयाल नगर के '' वार्ड 18 के ई सेक्टर में राजेश टेंट हाउस से कांता निवास प्रेम सागर गुप्ता के मकान होते हुए राजू गुर्जर के मकान तक'' राशि 8.88 लाख से निर्मित होने वाली सी.सी. रोड़ का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में कॉलोनीवासी सर्वश्री अवधेश सिंह करोटिया, एल0एस0 कुशवाह, राकेश यादव, राजू गुर्जर, हेमन्त सिंह राजावत, रामवरण सिंह तोमर, वीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

वार्ड 18 के दीनदयाल नगर के '' वार्ड 18 ई ब्लॉक में राज इंटरप्राइजेज के सामने बाली विभिन्न गल्यिों'' में राशि 9.29 लाख से निर्मित होने वाली सी.सी. रोड़ का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में कॉलोनीवासी सर्वश्री प्रमोद, स्वदेश जादौन, नीरज चौरिया, रणवीर, किशन सिंह, अरूण वर्मा, अभिषेक, हिमांशु, शेफती प्रसाद नायक, विजय, प्रवीण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। वार्ड 18 के दीनदयाल नगर के ''ई.एम.-ब्लॉक राजदर्शन सिंह के मकान से हरीराम एंव योगेश शर्मा के मकान तक'' में राशि 8.42 लाख से निर्मित होने वाली सी.सी. रोड़ का भूमि पूजन किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में कॉलोनीवासी सर्वश्री सतीश द्विवेदी, हरीराम शर्मा, योगेश शर्मा, राजकुमार द्विवेदी, सन्तोष राठौर, कमलेश नरवरिया, विनोद श्रीवास्तव, आदेश चौहान, राजू अग्निहोत्री, एस0एल0त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## बच्चों की ताइक्कांडो स्पर्धा संपन्न, बच्चों को बांटे गये पुरस्कार



ग्वालियर। डीबी सिटी क्लब हाउस एवं ऑल ग्वालियर ताइक्कांडो एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आज कलर बेल्ट ताइक्कांडो स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर ऑल ग्वालियर ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सक्सेना ,प्रदीप सिंह एवं क्लब हाउस इंचार्ज श्रीमती दीप्ति सिंह ,अनिल सिंह एवं सुष्मिता द्वारा बालक बालिकाओं को कलर बेल्ट प्रदान किए गए ।

कलर बेल्ट में व्हाइट टू येलो बेल्ट रनविजय सिंह ,अबरीत कौर ,सानवी , सुरभि , आरतिका दुबे , दिव्यम , अद्विक , संजीवनी , मीसा सिंह , दृष्टि ,सारांश दिव्यराज ,अर्जुन दीक्षित एवं राज शाक्य येलो टू ग्रीन बेल्ट पार्थ भदोरिया , मन्नत

**रेड टू रेड 1**

अनुभव सक्सेना, आदित्य चतुर्वेदी एवं तोबी को प्रदान किया गया।




## रजिस्ट्री के साथ ही नगर निगम में नामान्तरण हो इसका प्रयास किया जा रहा है: किशोर कन्याल

### ''कचरा शुल्क'' का युक्तीयुक्तकरण किया जाय- कैट ने की मांग,अनेक व्यापारिक एवं शहर की समस्याओं पर कैट पदाधिकारियों के साथ नगर निगम आयुक्त की विस्तुत चर्चा*



ग्वालियर । नगर निगम के आयुक्त किशोर कन्याल ने कहा कि निगम शीघ्र ही ऐसा प्रावधान ला रही है कि जमीनों, भवनों, फ्लेटों, दुकानों, मकानों की रजिस्ट्री करने के अवसर पर ही रजिस्ट्री होने के उपरान्त नगर निगम का नामान्तरण पंजीयन स्पॉट पर ही हो जाय। इसके प्रयास शीघ्र प्रारम्भ होगे। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति स्वयं रजिस्ट्री करा लेता है तो उसका पंजीयन भी स्वतः हो इसके लिये रजिस्ट्रार आफिस मे नगर निगम का उप-कार्यालय बनाकर पंजीयन की प्रक्रिया को प्रारम्भ किया जायेगा, हम इस की तैयारी कर रहे है। निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रतिनिधि मण्डल से चर्चा करते हुये कहा कि कचरा शुल्क को लेकर सभी संस्थाओ के ज्ञापन हमें प्राप्त हुये है और हम कैट की इस मांग को शीघ्र ही निराकृत करेगे। कचरा शुल्क को युक्तीयुक्तकरण बनायेगे। कैट के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, प्रदेश के महामत्री मुकेश अग्रवाल, जिला संयोजक दीपक पमनानी, जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता ने कचरा शुल्क की विसंगतियों के संबंध में एक बिन्दुवार प्रजेन्टेशन नगर निगम आयुक्त को सौपा।

इस अवसर पर उपस्थित कैट की पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यो ने बिन्दुवार समस्याओं का ज्ञापन निगम आयुक्त को दिया। जिसमें अतिक्रमण, स्वच्छता, शहर मे आवारा नन्दियों का घूमना, मकानो का नामान्तरण सहित अनेक ऐसे मुद्दे थे जिन पर सार्थक बहस हुई। निगम आयुक्त ने कहा कि बिना जन-सहयोग के नगर निगम अपना दायित्व पूरी तरह से नही निभा सकता, व्यापारियों का और जनता का सहयोग आवश्यक है। व्यापारियो के साथ विस्तृत चर्चा करते हुये उपस्थित पदाधिकारी श्रीमती कविता जैन, श्रीमती साधना शांडिल्य, श्रीमती निरूपमा मालपानी, श्रीमती रीना गांधी, श्रीमती निधी अग्रवाल, मुकेश जैन, नीरज चौरसिया, ललित नागपाल, रजत अनेजा, मनोज चौरसिया, कौशल साहू, प्रदीप पराशर, उदित चतुर्वेदी, राहुल अग्रवाल, कृष्ण बिहारी गोयल आदि ने विभिन्न विषयों पर निगम आयुक्त का ध्यान आकर्षित किया और नगर निगम मे कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया ट्रेडर्स (कैट) के माध्यम से विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने हेतु एवं दिन प्रतिदिन के कार्यो के संपादन हेतु उदित चतुर्वेदी को कैट का अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त किया गया।

## एग्री बिजनेस अपनाकर नौकरी मांगने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनें : केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर

### सेंटर फॉर एग्री बिजनेस इनक्यूवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप' का श्री तोमर ने किया लोकार्पण

### एग्री बिजनेस इनक्यूवेशन सेंटर की मदद से अंचल के युवा भारत का सुनहरा भविष्य गढेंगे



ग्वालियर। ग्वालियर एवं चंबल क्षेत्र के किसानों एवं कृषि आधारित स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक युवाओं को ब?ी सौगात मिली है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने रविवार को ग्वालियर में ÷सेंटर फॉर एग्री बिजनेस इनक्यूवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप÷ के लिए नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि इस सेंटर की मदद से ग्वालियर-चंबल अंचल के नौजवान कृषि आधारित स्टार्टअप शुरू कर भारत का सुनहरा भविष्य ग?ेंगे। नए-नए स्टार्टअप ख? होने से आत्मनिर्भर भारत की नींव और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का यह प्रयास है कि युवा नौकरी मांगने के बजाय एग्री बिजनिस से जु?कर दूसरों को नौकरी देने वाले बनें। इसी उद्देश्य से इस प्रकार के सेंटर खोले जा रहे हैं।

नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के सहयोग से 7 करो? रूपए से अधिक लागत से ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय से जु? कृषि महाविद्यालय परिसर में ÷सेंटर फॉर एग्री बिजनेस इनक्यूवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप÷ के लिए भवन का निर्माण किया गया है। आधुनिक तकनीक व सुविधाओं से सुसज्जित इस सेंटर को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य अगले चार वर्षो में 100 से अधिक स्टार्टअप ख? करना है। साथ ही कृषि एवं उससे जु?ीं विभिन्न प्रकार की 240 आर्थिक गतिविधियों के लिए क्षेत्रीय किसानों व युवा उद्यमियों को प्रशिक्षण तथा आर्थिक व तकनीकी मदद मिलेगी। इसके अलावा फसल उत्पादन, फसल सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से संबंधित 130 प्रकार की तकनीकें भी इस सेंटर के माध्यम से विकसित कर लोगों को जागरूक करने का भी काम होगा।

सेंटर फॉर एग्री बिजनेस इनक्यूवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री कमल पटेल भी कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जु?। साथ ही नाबार्ड के अध्यक्ष डॉ. जी आर चिंतला, प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह भी कार्यक्रम में मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर सरकार द्वारा एग्री बिजनेस स्टार्टअप, फूड प्रोसेसिंग व नवाचारों के लिए बड़े पैमाने पर आर्थिक मदद दी जा रही है। साथ ही एफपीओ (कृषक उत्पादक संगठन) और एग्री स्टार्टअप को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478